हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 14 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री



13 आदेश का पालन नहीं, स्कूलों से शिक्षा विभाग व कलेक्टोरेट में सालों से जमे हैं अटैच कर्मचारी



# हिन्दी को मल्हार, वीणा, अंग्रेजी को मृदंग, संतूर, संस्कृत को दीपकम और विज्ञान को जिज्ञासा के नाम से पढ़ेंगे विद्यार्थी

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

मल्हार, वीणा, मृदंग, दीपकम ..... ये शब्द सुनकर ऐसा लगता है कि मानों कोई भारतीय पारंपरिक वाद्य यंत्र या गीत के हों लेकिन ये सरकारी स्कूलों पढ़ाई जाने वाली किताबों के नाम हैं। दरअसल प्रदेश सरकार ने बरसों पुरानी किताबों के नामो को बदल दिया है। सरकारी स्कूलों में विद्यार्थी किताबें हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत , गणित व विज्ञान के रूप में पढ़ते आ रहे हैं। लेकिन अब वो हिन्दी विषय को मल्हार, वीणा, अंग्रेजी विषय को मृदंग, संस्कृत विषय को दीपकम और विज्ञान विषय को जिज्ञासा जैसे नाम के साथ पढ़ेंगे। कक्षा पहली से लेकर छठवीं तक के विषयों के नाम इस तरह बदले हुए भेजे जा रहे हैं।

## सरकारी स्कूलों में इस बार पहली से लेकर छठवीं तक की किताबों का नाम बदला

### गणित किताब आनंदमय और मेला के नाम से

सरकारी स्कूलों की पहली कक्षा में गणित विषय का बदला हुआ नाम आनंदमय गणित किया गया है। दूसरी कक्षा में जब विद्यार्थी पहुंचेंगे या इस बार पढ़ रहे हैं तो उन्हे यही गणित दूसरे नाम से पढ़ने मिलेगी। यानी गणित मेला नाम से पुस्तकें पढ़नी है। तीसरी कक्षा में भी गणित मेला नाम से पढ़ाई करेंगे।

### कक्षा दूसरी में अंग्रेजी किताब बनी संतूर

दूसरी कक्षा में विद्यार्थी अंग्रेजी को फिर बदले हुए नाम से पढ़ेगा। इस कक्षा में अंग्रेजी किताब का नाम मृदंग हो गया है। तीसरी में भी यह सब्जेक्ट फिर बदल दिया गया है। तीसरी में विद्यार्थी अंग्रेजी की बुक संतूर नाम से पढ़ेगा।



### हिन्दी की पुस्तक वीणा के नाम पर

तीसरी कक्षा में हिन्दी की पुस्तक अब वीणा के नाम से पढ़ी जाएगी। छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम रायपुर द्वारा स्कूलों में भेजी जा रही किताबों में इस तरह के बदले हुए नाम से आई है। पर्यावरण पुस्तक का बदला नाम हमारे आसपास का अद्‌भुत संसार दिया गया है। दो विषय भी जो नए जुड़े है। उनमें बांसुरी (कला), और खेल योग की किताबें हैं।

### 6वीं कक्षा में अंग्रेजी बना पूर्वी

6वीं कक्षा में भी पुस्तकों के नाम बदलकरआए हैं। 6वीं में अंग्रेजी की किताब पूर्वी नाम से आई है। संस्कृत किताब इस कक्षा के विद्यार्थी से ही पढ़ाई शुरू होती है। संस्कृत किताब दीपकम नाम से है। हिन्दी विषय को मल्हार और विज्ञान विषय को जिज्ञासा नाम से पढ़ी जाएगी। समाजिक अध्ययन को भारत और उसके आगे के नाम से प्रकाशित करवाई गई है। कला शिक्षा नाम की पुस्तक इस कक्षा के विद्यार्थियों के अध्यापन के लिए भेजी गई है। शारीरिक शिक्षा की किताब खेल यात्रा के नाम से है। व्यवसायिक शिक्षा को कौशल बोध नाम दिया गया है। केवल पर्यावरण की किताब का नाम परिवर्तित नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### कुम्हारी नगरपालिका को मिलेगा पुरस्कार




**कुम्हारी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराई है। बता दें कि राज्य के 7 नगरीय निकायों का चयन स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया है। जिसमें कुम्हारी नगरपालिका परिषद का नाम उल्लेखनीय है। चयनित सभी निकायों को आगामी 17 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सम्मानित करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार के आबादी वाले शहरों की श्रेणी में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहेंगे। पुरस्कार लेने के लिए नगर पालिका परिषद कुम्हारी की अध्यक्ष मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर सहित दो अन्य अधिकारी शीघ्र दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### कट मारने को लेकर विवाद, चाकू से हमला

**भिलाई।** बाइक से कट मारने को लेकर विवाद में एक युवक ने दूसरे के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि रानी महतों ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पिता मनोज महतो को पड़ोस में रहने वाले रोशन चौहान ने अपनी बाइक से कट मार दिया था। मनोज महतो अपनी बाइक से गिरते गिरते बचे। जब मनोज घर लौटे तो उन्होंने रोशन चौहान को समझाया कि गाड़ी सही से चलाया करो। इससे रोशन चौहान इतना गुस्से में आ गया कि उसने मनोज महतो के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद मनोज रोशन के पिता से बात करने उसके घर जाने लगे तो रोशन ने चाकू निकालकर मनोज पर हमला कर दिया। इससे मनोज महतो चक्कर खाकर जमीन पर गिर गए और रोशन मौके से फरार हो गया।

### कैदियों की पिटाई कर मंगाए जाते थे रुपए, चक्कर अधिकारी को दिलवाई नई स्कूटी

# जेल के अंदर से दीपक नेपाली करता था वसूली शिकायत के बाद पुलिस कर रही जांच, हुए बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले के खुंखार अपराधी और सटोरी दीपक नेपाली को कई महीनों से पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। इसका कारण जेल से लेकर पुलिस महकमे में जुड़े उसके तार हैं। जेल के बाहर जहां दीपक नेपाली खुलेआम गुंडागर्दी करता है तो जेल के अंदर से अवैध वसूली का खेल खेलता है। ऐसे ही एक मामले की जांच पद्मनाभपुर पुलिस कर रही है। पुलिस ने शिकायतकर्ता का बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी भिलाई के रहने वाले एन सुनील राव ने एस दुर्ग को पत्र लिखकर इस संबंध में शिकायत की है। सुनील ने बताया कि थाना जामुल में दर्ज हत्या के प्रयास के मामले में 26 मार्च 2024 को उसे न्यायिक हिरासत में दुर्ग सेंट्रल जेल भेजा गया था। उस समय उस जेल में दीपक नेपाली भी सजा काट रहा था। उसने देखा कि जेल का चक्कर अधिकारी रमेश बारसे कैदियों को काफी परेशान करता था। कैदियों से मिलने आने वाले उसके रिस्तेदार और परिवारवालों से पैसे मांगता था। कुछ समय बीतने के बाद चक्कर अधिकारी रमेश ने सुनील को भी परेशान करना शुरू कर दिया। उसने सुनील पर दबाव बनाया कि वो अपने माता पिता से पैसे मंगवाए। दीपक नेपाली और रमेश बारसे जेल के अंदर मिलकर कैदियों को परेशान करने का काम करते थे। पैसे मंगवाने से मना करने पर दीपक नेपाली ने उसे जेल के अंदर बुरी तरह पीटा। जेल के अंदर दीपक नेपाली और रमेश ने मिलकर काफी समय तक उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।





### जेल से जिंदा ना लौटने की दी धमकी

सुनील ने शिकायत में बताया है कि जब उसने पैसे न दे पानी की मजबूरी बताई तो चक्कर अधिकारी रमेश बारसे ने उसे धमकी दी कि यदि वो पैसा नहीं देगा तो जेल से जिंदा वापस नहीं जा पाएगा। इतना ही नहीं उसने उसे बेल्ट और लोहे के रॉड से पीटा गया।

### घर वालों ने खरीदकर दी चक्कर अधिकारी को स्कूटी

सुनील ने बताया कि दीपक ने उसे बुरी तरह मारा पीटा और कहा कि अपने माता पिता से एक जुपिटर स्कूटी खरीदकर दें। इसके बाद उसने उसकी शिवा इलेक्ट्रिकल दुकान में काम करने वाले अनिल कुमार पटेल से कहा और फिर एसएसडी मोटर्स से जुपिटर 125 को रमेश बारसे के बेटे के नाम पर खरीदकर दिया। स्कूटी का भुगतान 1 लाख 9700 रुपए अनिल ने दिया और स्कूटी की डिलिवरी खुद रमेश बारसे ने ली थी।

### बीमारी की हालत में करवाया पिटाई

सुनील ने प्रताड़ना के बाद भी जब और डिमांड पूरी ना करने पर अड़ा रहा और काफी दिनों तक सेल में रहने के बाद काफी बीमार हो गया तो रमेश ने अन्य कैदियों से बोलकर उसे बुरी तरह पिटवाया।

### जेल से छूटने के बाद भी वसूली को लेकर धमकी

सुनील ने बताया कि 3 अक्टूबर 2024 को उसका प्रकरण समाप्त हो गया था। वो जेल से बाइज्जत बरी हो गया था। जेल से बाहर आने के बाद भी रमेश उसे धमकी देता था और एक लाख रुपए की डिमांड कर रहा था। उसने सुनील को दीपक के माध्यम से जान से मारने की धमकी और अन्य प्रकरण में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। जब वो रमेश की धमकियों से नहीं डरा तो दीपक नेपाली ने उसे 8889379824 नंबर से फोन किया और जान से मारने की धमकी दी।

### सुनील और दीपक दोनों चलाते हैं ऑनलाइन सट्टा

एन सुनील राव और दीपक नेपाली दोनों ऑनलाइन सट्टा चलाते हैं। मटका और ऑनलाइन सट्टा की अवैध कमाई से सुनील और दीपक दोनों ने ही करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति और लग्जरी गाड़ियां खरीदी हैं। दोनों के बीच सट्टा का बादशाह बनने को लेकर पुराने समय से खींचतान चली आ रही है और दोनों के खिलाफ थाने में अपराध भी दर्ज हैं। दीपक के खिलाफ जहां आर्म्स एक्ट, मारपीट और हत्या के प्रयास जैसे कई गंभीर मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं तो एन सुनील राव ने हाउसिंग बोर्ड में एक युवक के ऊपर शराब के नशे में फार्च्यूनर गाड़ी चढ़ा दी थी।

### स्कूटी देने के बाद फिर करने लगे डिमांड, भेजा सेल

सुनील के मुताबिक रमेश की डिमांड स्कूटी लेने के बाद भी बंद नहीं हुई। उसने फिर से सुनील से पैसों की मांग की। इस पर सुनील ने पैसा देने से मना कर दिया। इसके बाद रमेश ने उसे सेल में डाल दिया। वहां रमेश और दीपक नेपाली रोज आते और उसे बुरी तरह मारते पीटते थे। परिवार और मित्रों को भी मिलने नहीं दिया जाता था।

### बारसे हुआ निलंबित, चल रही विभागीय जांच

रमेश बारसे का कहना है कि दीपक नेपाली का जेल आना जाना लगा रहता था। उसके बाकी कैदियों की तरह ही उससे पहचान है। रही बात सुनील राव से वसूली की तो उसमें उसे सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस के साथ साथ विभागीय जांच चल रही है। जांच पूरी होने सच्चाई का पता चलेगा। अभी मैं इस बारे में कुछ भी नहीं बोल सकता हूँ।

# नाबालिग विक्षिप्त से होता रहा अनाचार, 5 माह का ठहरा गर्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

विक्षिप्त नाबालिग बालिका के साथ अनाचार कर पांच माह का गर्भ ठहरने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से फरार है। उसे पकड़ने के लिए छापामार कार्रवाई की जा रही है। छावनी पुलिस ने बताया कि 14-16 वर्ष की विक्षिप्त नाबालिग बालिक क्षेत्र में आसपास घूमती रहती थी। जिस पर हिमांशु नामक युवक गंदी

- बहलाफुसलाकर आरोपी ने की दोस्ती, फिर करने लगा शोषण

नजर पड़ गई। आरोपी ने पहले उसे खाने पीने का लालच देकर पहचान बनाई। उसके बाद उसे सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब नाबालिग घटना के बारे में किसी को नहीं बता पाई तो आरोपी का मनोबल बढ़ गया और वो उसके साथ लगातार शारीरिक शोषण करने लगा। धीरे धीरे कई महीने बीत गए और अचानक कुछ दिन पहले लड़की के पेट में दर्द हुआ। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। डॉक्टर ने बताया कि 4-5 माह की गर्भवती है। परिजनो ने बच्ची से उसके साथ गलत करने वाले का नाम भी पूछा लेकिन वो नहीं बता पाई। जब और पता किया गया तो पता चला कि हिमांशु नाम का युवक लड़की अपने साथ घूमाता था।परिजनों ने लड़की से हिमांशु के बारे में पूछा तो वो उसने बताया कि उसने उसके साथ गलत किया है और वो उसके घर भी उन्हें लेकर गई। घर जाने पर हमांशु के परिजनों ने लड़की के परिजनों से जमकर विवाद किया। इसके बाद लड़की के परिजन शिकायत लेकर छावनी थाने पहुंचे। छावनी टीआई मोनिका पाण्डेय ने शिकायत लेकर लड़की को मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल भेजा। उसके बाद हिमांशु के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### कई महीनों से करता आ रहा नाबालिग का शोषण

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी हिमांशु विक्षिप्त लड़की के साथ पिछले कई महीनों से शरीरिक संबंध बनाता आ रहा है। कई बार तो वो लड़की के घर भी चला जाता था और जब वहां कोई नहीं होता था तो वो घर में ही उसका शरीरिक शोषण करता था। लड़की युवको पहले से जानती थी, लेकिन मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने से वो ये नहीं जानती है कि युवक उसके साथ गलत कर रहा है।

### आरोपी को पकड़ने टीम बनाई गई है

"आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज उसकी तलाश की जा रही है। आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई है। लगातार जगह-जगह दबिश भी दी जा रही है।

- मोनिका पाण्डेय
टीआई छावनी थाना

## पं. मिश्रा की शिवकथा के लिए प्रशासन के बाद बीएसपी ने भी दी हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शहर और अंचल के श्रद्धालुओं को एक बार फिर पवित्र सावन के महीने में महाकाल की कथा सुनने का लाभ मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की शिवकथा प्रवचन

- रविवार , 4 लाख रुपए लेकर दिया परमिशन

का आयोजन 30 जुलाई से 5 अगस्त तक जयंती स्टेडियम के निकट मैदान में किया गया है। इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने भी अपनी मंजूरी दे दी है। आयोजन के लिए बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा पं. मिश्रा के कथा आयोजन के लिए जिला प्रशासन के साथ बीएसपी के नगर सेवा विभाग में भी आवेदन दिया गया था। आयोजक से



सफलतापूर्वक आयोजन की आश्वस्ति के बाद दो दिन पूर्व एसडीएम से मिली अनुमति के आधार पर बीएसपी ने भी आयोजन के लिए अपने स्थल और बिजली सुविधा की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के मुताबिक छह दिन के लिए जयंती स्टेडियम मैदान व बिजली सुविधा उपललब्ध कराने का बतौर रेंट बीएसपी को करीब 4 लाख रुपए मिलेंगे।

## घर पर मिली महिला की लाश, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नंदिनी-अहिवारा

टाउनशिप नंदिनी के झोपड़पट्टी में निवास करने वाली 45 वर्षीय महिला की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध कायम किया है। नंदिनी

- रविवार सुबह की घटना, नंदिनी पुलिस कर रही है जांच

पुलिस ने बताया कि ग्राम हरदी निवासी कुंवारिया यादव उर्फ चिया नामक नामक महिला की लाश उसके झोपड़े में पड़ी मिली। सूचना पर एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी अभिषेक झा, डीएसपी ए किरो, नंदिनी टीआई पारसराम ठाकुर मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक



एक्सपर्ट भी मौके पर पहुंचे। महिला के माथे, सिर के पीछे गहरे जख्म के निशान पाए गए। शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों में भी चेक किया जा रहा है। इसके अलावा पुलिस हत्या करने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए मोबाइल टावर डंप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। महिला घर पर अकेली रहती थी, घटना की जानकारी लगने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका कुंवारिया यादव उर्फ चिया पति से अलग होकर टाउनशिप में रहा करती थी। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात को आसपास के लोगों ने मृतका से बातचीत करते हुए किसी को देखा था। रविवार सुबह उसकी लाश कमरे में मिली।

## हत्या का झांसा देकर वृद्धा के सोने का कंगन लेकर भाग निकले युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वृद्ध महिला को हत्या का झांसा देकर सोने के कंगन को पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने

- पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा, आरोपियों की तलाश में पुलिस

अपराध कायम किया है। चार युवकों की तलाश में पुलिस जुट गई है। घटना सदर बाजार दुर्ग क्षेत्र की घटना है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि दो अलग-अलग बाइक में सवार होकर पहुंचे चार युवकों ने पूजा कर घर लौट रही वृद्धा भोई पारा दुर्ग निवासी शीला जैन को हत्या होने का झांसा देकर कंगन मांगकर अपने पास रख लिया। एक युवक ने लिफाफा देकर कंगन को रखने की सलाह दी। वृद्ध महिला उनके झांसे में आकर अपने दोनों हाथों में पहने सोने के चार कंगन निकालकर लिफाफा में रख दिया। तभी लिफाफे के कंगन को लेकर चारों युवक बाइक से फरार हो गए।

खबर लगने पर कोतवाली दुर्ग थाना प्रभारी तपेश्वर नेताम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थाल का वृद्ध महिला के साथ जांच किया। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी पुलिस खंगाल गया। पुलिस ने आरोपियों का हुलिया बताकर नाकेबंदी भी की। सभी पीसीआर टीमों को भी अलर्ट किया गया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस आसपास के संदिग्ध किस्म के युवकों से भी पूछताछ करने में जुटी हुई है। साथ ही साथ पुराने ठगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### सीसी कैमरे में हुए कैद

वृद्ध महिला से ठगी करने वाले की पहचान जारी है। पुलिस के मुताबिक घटनास्थल पर लगे सीसी कैमरे में उनका फुटेज कैद हुआ है। उस फुटेज को सोशल मीडिया में वायरल कर जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। इसके अलावा पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई है।

## लापरवाही जिला अस्पताल के चिकित्सकों की विधायक ने की शिकायत

# स्टाफ मना रहा था बर्थ-डे, चार दिन तक नहीं हुई नसबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिला अस्पताल दुर्ग में नसबंदी के लिए आई महिला को इलाज नहीं मिला। चार दिन तक वह घूमती रही। जिससे महिला की हालत गंभीर हो गई। इस दौरान अस्पताल स्टॉफ अपने सहयोगी का बर्थ डे सेलिब्रेट कर रहा था। इस मामले की शिकायत गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से की है। जांच कर कार्रवाई की जानकारी मांगी है। विधायक ने विधानसभा में इसका ध्यानाकर्षण लगाया गया है।



### चार दिन बाद फिर वापस लौटा दिया


विधायक ने कहा है कि महिला ने परेशान होकर शिकायत की बात कही। इसके बाद डॉक्टर ने उसे 21 जून को बुलाया और आश्वासन दिया कि उसका ऑपरेशन जरूर हो जाएगा। जब वो अगले दिन गई तो डॉक्टर ने कहा कि उनकी शिकायत करते हो जाओ आज भी आपका ऑपरेशन हीं होगा और उसे फिर वापस भेज दिया गया। महिला का आरोप है कि उस दिन अस्पताल के कर्मचारी अपने सहयोगी का जन्मदिन मनाने में व्यस्त थे, जबकि उन्हें मरीज का इलाज करना था।

### तवेरा गांव की महिला मरीज से अन्याय

विधायक कुंवर सिंह निषाद ने अपने पत्र में कहा है कि जिला अस्पतान दुर्ग में चिकित्सकों द्वारा लापरवाही की चिंताजनक घटना सामने आई है। ग्राम-तवेरा, जिला-बालोद निवासी मोनिका चतुर्वेदी पति श्रवण कुमार चतुर्वेदी को 18 जून 2025 को जिला अस्पताल दुर्ग में नसबंदी के लिए लाया गया था। अस्पताल में उनकी सभी जांच करने के बाद 19 जून 2025 को खाली पेट बुलाया गया। अगले दिन मरीज खाली पेट पहुंची, लेकिन डॉक्टर के ना होने से शाम तक इंतजार करती रही। इसके जब डॉक्टर आया तो उसे फिर से अगले दिन खाली पेट आने के लिए बोला गया। यह सिलसिला लगातार 18 से 21 जून तक तीन दिनों तक चलता रहा, लेकिन उसकी नसबंदी नहीं की गई। मोनिका ने आरोप लगाया कि उसे ऑपरेशन करने के लिए बुलाया जाता था। इंजेक्शन लगाकर ऑपरेशन के लिए बैठा दिया जाता था, लेकिन ऑपरेशन उस दिन न करके फिर अगले दिन खाली पेट बुलाया जाता था। उसे रोज 40 किलोमीटर दूरी तय करके अस्पताल आना पड़ा।

### अनाचार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि एमआईजी 1/2732 हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी रवि पौडेल ने महिला को शादी का झांसा दिया और लगातार अनाचार करता रहा। जब महिला ने रवि को शादी करने को लेकर दबाव बनाया तो इंकार कर दिया। परेशान महिला ने शिकायत पुलिस में किया। पुलिस ने उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा और उनकी टीम का योगदान रहा है।



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# आप सभी को श्रावण मास की हार्दिक शुभकामनाएं !

हर हर महादेव

ॐ नमः शिवाय



## एस.एस. हॉस्पिटल

**ऑपरेशन की सुविधाएं...**

- 24 घंटे आपत कालीन सेवा उपलब्ध।
- नार्मल डिलिवरी एवं सिजेरियन डिलिवरी की विशेष सुविधा।
- बच्चादानी में छाला एवं सूजन या गठान का भी ऑपरेशन लेप्रोस्कोपी द्वारा भी किया जाता है।
- एक्सीडेंट, फ्रेक्चर, जोड़ एवं रीढ़ से संबंधित सभी तरह का ऑपरेशन सुविधा।

स्मार्ट कार्ड की सुविधा उपलब्ध

**Dr. R.P. Gupta**
General Surgeon

पाईल्स, फिशर फिस्चुला का ऑपरेशन लेजर पद्धति से किया जाता है।

छावनी चौक के पास, नंदिनी रोड, भिलाई (छ.ग.)
फोन : 0788-4031253, मोबाईल : 98271-63238

## KK CONSTRUCTION

उच्च गुणवत्ता एवं उच्च मटेरियल सहित कंस्ट्रक्शन कार्य

1200 से शुरू

2 BHK, 3 BHK, 4 BHK मकान प्राइम लोकेशन मे उपलब्ध

आपकी पसंद का घर आपके बजट में आपके लोकेशन पर

संपर्क : 83191 82281, 88894 76422
पता : उमरपोटी मेन रोड, नेवई भिलाई (छ. ग. )

## श्री खाटू श्याम ज्योतिष

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-

फोन से परामर्श केवल ₹251/-

पं. एस.के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**जन्म पत्रिका बनाई जाती है**

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"

रूद्राभिषेक कराने हेतु बुकिंग चालू है

बुकिंग के लिए संपर्क करें
**7470674060**

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

-: संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

## NEURO FORGE
## PEDIATRICS & REHABILITATION CENTER

This Firm Deals In Occupational Therapy

RAGHVENDRA COMPLEX

- Autism Spectrum Disorder
- Osteoarthritis
- Sensory Processing Disorder
- ADHD
- Physiotherapy
- Cerebral Palsy, Delay development
- Rheumatoid Arthritis,
- Traumatic Brain Injury
- Down Syndrome
- Speech Therapy
- Early Childhood Intervention
- Facial Palsy
- Parkinsonism
- Post Paralysis Therapy
- Stroke
- RTA
- LBP
- Neuro Developmental Therapy
- Post Polio Rehab Training
- ADL Training
- Post Amputee Rehab Training
- Psychology Counseling
- Parent Counseling Etc

**Dr. Lakshya Baghel**
BOT-Occupational Therapy
(NILD Kolkata)
MSC-Neuro Science

**NEURO FORGE**
इवनिंग पॉइंट के पीछे, स्मृति नगर, भिलाई (छत्तीसगढ़) 490020
www.neroforge.in
neuroforge01@gmail.com
7723000594 | 8420557309

# ज्ञान गंगा में स्नान कराकर शिष्य को योग्य बनाता है गुरुः साहू

## स्वर्णिम शताब्दी काल का गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ उप खंड जामगांव आर ने रविवार को जैन भवन सभागार जामगांव आर में स्वर्णिम शताब्दी काल का गुरु पूर्णिमा उत्सव 2025 का आयोजन रविवार को संघ के पूर्व प्रचारक हलधर महमल्ला और उपखंड कार्यवाह उमाशंकर साहू के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता समाजसेवी कामता प्रसाद साहू ने की। विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन एवं मुख्य वक्त संघ के दुर्ग विभाग सामाजिक समरता प्रमुख चेलाराम साहू थे।गुरु पूर्णिमा उत्सव के बाद सामाजिक सदभाव की बैठक हुई वरिष्ठ स्वयंसेवक भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा का मार्गदर्शन मिला। सभी स्वयंसेवकों ने ध्वज प्रणाम एवं प्रार्थना किया। मुख्यवक्ता चेलाराम साहू ने कहा कि गुरु ज्ञान की गंगा में शिष्य को स्नान कराता है तब शिष्य निखर कर समाज में अपनी प्रतिभा का परचम लहराता है।

सामाजिक सदभाव की गोलाकार बैठक में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष वरिष्ठ स्वयंसेवक जितेंद्र वर्मा ने कहा कि सामाजिक सदभाव के गिरते स्तर के कारण संस्कार का स्तर गिरने लगा है और इसी कारण घर परिवार में बिखराव और एकल परिवार की नासमझ स्थिति तैयार होने लगी है। गुरुपूर्णिमा उत्सव में पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप साहू आदि मौजूद थे।



### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा नारद साहू, निपानी सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू, बेलहारी सोसायटी अध्यक्ष रूपसिंह सिन्हा, मंडल महामंत्री द्वय निर्मल जैन, पूर्णेंद्र सिन्हा, पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष नरेश केला, पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर, जनपद सदस्य रवि सिन्हा, उपसरपंच मुकेश साहू, वरिष्ठ समाजसेवी नेतराम निषाद, सेजस अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, पूर्व सरपंच जिनेश जैन, सीताराम साहू, द्रोण चंद्राकर, सरपंच प्रतिनिधि नेतराम निषाद, खुमान सिंह जांगड़े, अभिषेक सेन, सुरेश जैन, प्राण साहू युगांत शर्मा, पुष्कर शिवेंद्र, डॉ गुलाब साहू, अरुण चंद्राकर , देवानंद देवांगन, नीतीश निर्मल, थानेश्वर साहू, सुरेंद्र बेनीराम, सीताराम मेघनाथ सागरवंशी, कमलेश, अंगेश्वर साहू, हर्षकुमार, प्रवीण वर्मा, रामकुमार, महेश साहू, थानेश्वर साहू, लूभम बंछोर, नरेंद्र धरमगुड़ी और सेठ लूणकरणआदि की उपस्थिति रही। संचालन हलधर महमल्ला किशोर साहू ने किया।

## खबर संक्षेप



### श्रावण माह के सोमवार को मांस दुकानें रहेगी बंद

**उतई।** नगर पंचायत उतई के सभाकक्ष में विगत दिनों को जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारीगण की उपस्थिति में श्रावण माह में प्रत्येक सोमवार को मटन, मांस, मछली विक्रय बंद रखने का निर्णय लिया गया। जिसमे सभी मांसाहारी व्यापारीगण की सहमति रही। नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, लोक निर्माण प्रभारी शोभेन्द्र सोनू राजपूत, लक्ष्मी नारायण साहू, सतीश चंद्राकर,लता सोनवानी, भीमसेन सिंहा, विजयलक्ष्मी साहू, खूबी राम साहू,अनीता गढ़े, शिव ठाकुर,संगीत रजक,सुनीता चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, अनिल वर्मा, रिंकू देवांगन, मनोज देवांगन, बंटी ढीमर, गंगा साहू, रिंकू धीर एवं अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। नगर पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी व्यापारियों को पौधे भेंट किए गए।

### बिजली के बढ़ते दामों से आम नागरिक परेशान

**अंडा।** जनपद सदस्य दामिनी



मुकेश साहू ने आरोप लगाया है कि बिजली के बढ़ते दामों से आम गरीब जनता और किसान परेशान है। उन्होंने कहा कि, 2023 विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने एक वादा किया था कि हम प्रदेश भाजपा कार्यालय की तरह 24*7 बिजली आपूर्ति एवम अनियमित बिजली बिलों से राहत सुनिश्चित करेंगे , लेकिन सत्ता में आने के बाद अब तक छत्तीसगढ़ में बिजली के दाम दोगुने तीन गुने बढ़ गए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने फिर से बिजली दरों में प्रति यूनिट 10 से 20 पैसे की बढ़ोतरी करके गरीब किसान परिवारों को चिंता में डाल दिया है जो बिजली बिल 300 से 400 रुपए आती थी वो आज बढ़कर 1100 से 1200 रुपए आ रही है। इस तरह पहले ही महंगाई की मार झेल रही आम गरीब जनता को और परेशान करने का काम यह सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का बिजली के दामों में वृद्धि का निर्णय निंदनीय है जिसका असर सीधे सीधे आम गरीब और किसान परिवारों पर पड़ेगा। उनके लिए इस बढ़ती महंगाई में जीवन यापन करना और भी कठिन हो जाएगा। उन्होंने मांग की है कि बिजली के दरों में वृद्धि का यह निर्णय वापस लें और आम गरीब जनता और किसानों को परेशान करना बंद करें।

## विभागीय अधिकारियों का आदेश केवल औपचारिक इसलिए नहीं हो रहा है अटैचमेंट समाप्त

# आदेश का पालन नहीं, स्कूलों से शिक्षा विभाग व कलेक्टोरेट में सालों से जमे हैं अटैच कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सरकारी स्कूलों में पदस्थ कर्मचारियों का जिला शिक्षा विभाग, ब्लॉक शिक्षा कार्यालय, संभागीय शिक्षा कार्यालय और कलेक्ट्रोरेट में आदेश के बावजूद अटैचमेंट खत्म नहीं हो पाया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश केवल औपचारिक ही साबित हो रहा। कर्मचारी अधिकारी की नहीं सुन रहे हैं या फिर अधिकारी कर्मचारियों को छोड़ना नहीं चाहते यह बड़ा सवाल है। इसलिए कि राज्य शासन ने महीनेभर पहले तबादला नीति 2025 को जारी किया तो उन्होने यह साफ कर दिया था कि अटैचमेंट पूरी तरह समाप्त करें और यदि उस कर्मचारी की जरूरत है तो उनका उसी स्थान पर तबादला करवा लें। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इससे अटैचमेंट जरूरत नहीं बल्कि सेंटिंग का खेल हो गया है।

### अटैचमेंट से यह हो रही है दिक्कत

**1** स्कूल के सहायक ग्रेड दो व तीन जैसे पदों वाले कर्मचारियों को जिलाए ब्लॉकए जेडी और प्रशासनिक दफ्तरों में अटैचमेंट करने से संस्था प्रमुखों को सबसे बड़ी दक्कितों का सामना करना पड़ रहा है। हेडमास्टरों व प्राचार्यों को प्रशासनिक अधिकार मिले हैं लेकिन उनके पास बाबू ही नहीं है। बाबूओं का काम वे अपने आसपास से बुलाकर करवाते हैं तब कहीं जाकर उनके स्कूल का काम निपट पाता है।

### स्कूलों में पद भी हो रहा है शो

**2** जिन स्कूलों से कर्मचारियों को कार्यालयों में अटैच किया गया है वहां रिकार्ड के हिसाब से पद भरे हुए हैं। वास्तव में ये पद उनके अटैच हो जाने से खाली हैं। इसलिए उनकी जगह दूसरे कर्मचारियों को वह स्कूल तबादले में भी नहीं मिल पाता। इस तरह उन कर्मचारियों के साथ भी अन्याय हो रहा है जो कि इन स्कूलों में जाना चाहते हैं।

### वेतन कार्य और योजनाएं प्रभावित

**3** स्कूलों में बाबूओं के पद राज्य सरकार ने इसलिए दिए हैं कि वहां के शिक्षिकों का वेतनए शैक्षणिक व उनके सर्विस रिकार्ड संबंधी कार्य बेहतर ढ़ंग से हो सके। निःशुल्क पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी योजनाओं का रिकार्ड दुरूस्त रखना है। स्कूलों की कार्ययोजना भी अपडेट करना है। ये सभी कार्य बाबूओं के अटैच होने से प्रभावित हैं।




### इन कार्यालयों में ऐसे चल रहा है अटैचमेंट

- **संभागीय शिक्षा कार्यालय**– यशवन आर्दे, विजय देवांगन, आशुतोष हिरवानी, रोशनी ठाकुर,सनत राजपूत, के बसंती, पायल ठाकुर,पाटील, मुस्कान ठाकुर, डिंपल गौतम।
- **जिला शिक्षा कार्यालय**– कमलेश स्वर्णकार, राजदीप श्रीवास्तव, दीपक कुमार, रूपेश बंजारे और उप प्राचार्य पुष्पा पुरुषोत्तमन ।
- **ब्लॉक शिक्षा अधिकारी** – ओमेश्वर गंगबोईर, मनीष पटेल, अभिषेक यादव और स्वराज प्यून।
- **कलेक्टर कार्यालय**– कमलेश मिश्रा, रजनीश महोबिया, वरूण गुप्ता, मयूर सोग्ले, कमलेश तिवारी, श्रद्धा तिवारी।

### आदेश का पालन करवाएंगे

हमने अटैचमेंट वाले कर्मियों को आदेश दिया है कि वे अपनी मूल स्थान पर वापस चले जाएं। आदेश पालन की जानकारी लेता हूं। आदेश है तो वापस जाना ही होगा।

-**अरविंद कुमार मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

## अंचल की खबरें

### स्वास्थ्य विभाग मना रहा जनसंख्या पखवाड़ा



**सेलूद।** जनसंख्या स्थिरिकरण पखवाड़ा का ब्लॉक स्तरीय शुभारम्भ शुक्रवार को किया गया। इसके अंतर्गत पुरुष एवं महिला नसबंदी का कार्य प्रारम्भ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन तथा डॉ. बी कठौतिया बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन निर्देशन में यह आयोजन हुआ। इस दौरान नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश भाले, उपाध्यक्ष निशा सोनी, पार्षद केवल देवांगन ,चंद्रप्रकाश देवांगन, योगेश सोनी और लोकेश सोनी, सर्जन दीपक कश्यप, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी बीएल वर्मा, चंद्रकांता साहू, बीपीएम पूनम साहू ,के के वर्मा प्रभारी अनिता भारद्वाज स्टॉफ नर्स इत्यादि की उपस्थित रही। डॉक्टरों ने नसबंदी के बारे में जानकारी दी।

### चंदखुरी में मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चंदखुरी में शाला प्रवेशोत्सव सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना व दीप प्रज्ज्वलित कर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कविता ठाकुर सरपंच, योगिता यादव उपसरपंच, खेमलाल चंद्राकर पूर्व सरपंच, भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, संजय बघेल विधायक प्रतिनिधि, बाबूराय साहू प्रधान पाठक, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद, घनश्याम साहू पंच, यादेश ठाकुर शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि कल के भविष्य हो अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई कर अपने और माता पिता, शिक्षक, गांव, प्रदेश एवं पुरे भारत देश का नाम रोशन करे और अपनी पहचान बनाने में सफल रहे।

### कांवर यात्रा के लिए किया एक-एक मुट्ठी अन्न दान



**सेलूद।** पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पाटन से टोला घाट तक कांवड़ यात्रा 28 जुलाई को निकलेगी। जिसमें पाटन के टोलाघाट में रुद्राभिषेक एवं जलाभिषेक किया जाएगा। साथ ही सभी श्रद्धालुओ को इस यात्रा से जोड़ने के लिए पाटन ब्लाक के सभी गांव-गांव में प्रभारी बनाये गये है। इसी कड़ी में ग्राम ढौर के प्रभारी हरप्रसाद आडिल गांव-गांव व घर-घर जाएं और कांवर यात्रा के लिए आमंत्रित कर एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम से चांवल एकत्र कर रहे है, जिससे महाप्रसादी बनेगा। यह भक्तों को प्रसाद के रुप में वितरित किया जाएगा। टोलाघाट में छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगायिका पायल साहु लोककला मंच ननकट्ठी की भक्तिमय एवं अनुपम प्रस्तुति का भव्य आयोजन भी रखा गया हैं। प्रमुख रूप से हर प्रसाद आडिल राम भरोसा साहू मिलन यादव मिलन यादव काशीराम साहू मायाराम यादव रामभरोसा यादव इत्यादि श्रद्धालुओं उपस्थित होकर चावल इकट्ठा कर रहे हैं।

### सरपंच ने करवाया स्कूली बच्चों को न्योता भोज

**सेलूद।** ग्राम पंचायत देवादा सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने सुपुत्री श्रेया वर्मा



की जन्मदिन पर सरपंच वर्मा एवं परिवार ने शासकीय प्रथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला देवादा के बच्चों को न्योता भोज करवाया। इस मौके पर मुख्य रूप से सरपंच लक्ष्मी वर्मा, फुंडा सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी, नीलू वर्मा, राजेंद्र वर्मा, नीता वर्मा, रिशु वर्मा,सौम्य वर्मा,श्रेजल,सार्थक, श्रेयांश वर्मा एवं स्कूल स्टॉप सहित परिजन उपस्थित थे।

### वृक्षों से बना रहता है प्राकृतिक संतुलन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमटी मासाभाट सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी ने ग्राम आमटी नदी किनारे वृक्षारोपण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वृक्षों से प्राकृतिक संतुलन बना रहता है। भारतीय संस्कृति में वृक्षारोपण को श्रेष्ठ धर्म माना गया है। आयोजन में वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ग्रामीण जन मोहन लाल, कुलेश्वर् शर्मा, कन्हैया चौधरी, प्रमोद निषाद, सरिता, भानेश्वरी और संगीता निषाद आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## भाजपा पाटन मंडल की नई कार्यकारिणी ने सांसद व जिलाध्यक्ष से मिलकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



भारतीय जनता पार्टी, पाटन मंडल नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात भाजपा पदाधिकारियों की सांसद विजय बघेल एवं जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक से सौजन्य भेंट की। यह भेंट विशेष रूप से मंडल में नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात संगठनात्मक संवाद, मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश प्राप्त करने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर संगठन की भावी योजनाओं, ज़मीनी स्तर पर जनसंपर्क अभियान, और युवाओं की भागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने हेतु मंडल स्तर पर साझा रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस भेंट में मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, महामंत्री अखिलेश मिश्रा, कृष्ण कुमार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, सोशल मीडिया प्रभारी विजयकांत बंछोर, केवरा साह, किरण सोनवानी, खेमेंन साहू, तमन साहू, संतोष, टीकाराम, गोरेलाल श्रीवास, दिलीप साहु, लाजी साहू और रेखराम साहू सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारी शामिल हुए।

- संगठन स्तर पर कार्यक्रम जन–जन तक पहुंचाएंगे

### मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**पाटन।** सर्वोदय मंडल जरवाय के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा पुराना बाजार चौक में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जिसमें कबीर सत्संग संत विजय साहेब (सेंचुआ),साध्वी समता साहेब (नवागांव) की अमृतवाणी एवं विष्णु साहू औरी की गीत संगीत एवं भजन मंडली की प्रस्तुति हुई। संत विजय साहेब ने गुरु की महिमा को अपरंपार बताया। सभी अतिथियों ने गुरु महिमा का बखान करते हुए सभी गुरुजन को नमन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग,यशवंत साहू सरपंच,रविशंकर पाटिल उपसरपंच एवं पंचगण,गरीब दास साहू संरक्षक जिला सर्वोदय, बीरेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

### विद्यार्थियों ने लगाए पौधे, लिया रक्षा का संकल्प



**अंडा।** छत्तीसगढ़ शासन और स्कूल शिक्षा विभाग के कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम ?के अंतर्गत महामाया पब्लिक स्कूल चंदखुरी के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भागीदारी दी। स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में मिनी स्टेडियम चंदखुरी और रीपा में लगभग 50 पौधे वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चंदखुरी के सरपंच कविता ठाकुर, क्षेत्रीय जनपद सदस्य गोपाल यादव ,संस्था के प्राचार्य उषा यादव ,संचालक के. के.यादव, नोडल शिक्षक नरसिंह बारले, वरिष्ठ शिक्षिका, शिल्पा तिवारी, लक्ष्मी साहू, मीनाक्षी निर्मलकर, खिलेश्वरी देशलहर,पूनम यादव, सोनिया यादव ,रमा विश्वकर्मा ,श्वेता देशमुख, शैलेश शर्मा उपस्थित थे।


## बिजनेस साइट

### निःशुल्क हड्डी व जोड़ रोग शिविर 15 व 16 जुलाई को

**भिलाई।** बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक, हड्डी और जोड़ों के दर्द से जूझ रहे मरीजों के लिए बड़ी राहत की खबर है। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल कादंबरी नगर में 15 व 16 जुलाई को निःशुल्क हड्डी एवं जोड़ रोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दोनों दिन शाम 6 से 8 बजे तक चलेगा, जिसमें मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मुफ्त परामर्श मिलेगा। शिविर में हड्डियों की गुणवत्ता जांच (बीएमडी मशीन द्वारा)-बिल्कुल मुफ्त, एक्स-रे एवं रक्त जांच पर 50 प्रतिशत तक की छूट, हड्डी रोग विशेषज्ञ और फिजियोथेरेपिस्ट से मुफ्त परामर्श, टीकेआर/ टीएचआर (घुटना और कुल्हा प्रत्यारोपण) से जुड़ी सलाह जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। हड्डियों को नजरअंदाज न करें, समय रहते जांच कराएं और विशेषज्ञों से सलाह लें।






### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।





## फलदार पौधे और उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड किया प्रदान

# शाउमा विद्यालय कोड़िया में वृहद पौधारोपण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में बृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच खुमान निषाद ने फलदार पौधे और उनकी सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड प्रदान किया।

प्राचार्य नीलमणी उजवने, उप सरपंच कुलेश्वर निर्मलकर, पंच ज्ञानेश्वर साहू, रवि निषाद के साथ शाला प्रबंधन समिति व ग्राम वासियों की गरिमामयी उपस्थिति में स्काउट गाइड, रेड क्रॉस और इको क्लब के विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया। मिशन लाइफ के अंतर्गत भी विद्यार्थियों ने एक पेड़ माँ के नाम लगाया। इस अवसर पर रेडक्रॉस प्रभारी दानेश्वरी सिन्हा, स्काउट प्रभारी प्रीती सलाम और इको क्लब प्रभारी डॉ सरोज साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया।

व्याख्यता भवानी सिंह देशमुख, शीला चंद्रा, डॉक्टर रूपमती साहू, प्रीतम देवांगन, वेदिका साहू, रीना पिलोदिया, हर्षा महलवार, समीर भेलवा ,वीरेंद्र गजपाल, टी एन साहू और सुनील डड़सेना सहयोगी रहे।



# संडे बाजार में पहुंची ट्रैफिक पुलिस, दर्जनों वाहनों पर हुई कार्रवाई

## दो और चार पहिया वाहनों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने रविवार को सुपेला संडे मार्केट में अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर चालानी कार्रवाई की है। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि वाहन चालकों ने चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी वसूला किया गया। वाहन मालिको के सामने नहीं आने पर दर्जन भर से अधिक दो पहिया वाहनों को क्रेन से उठाकर ट्रेलर में रख ट्रैफिक टावर संडे बाजार सुपेला से लाया गया। कईं चार पहिया वाहनों पर चालान की प्रति चस्पा भी की गई। सुपेला चौक से गदा चौक की सड़क पर लगने वाले संडे मार्केट में एक बार ट्रैफिक पुलिस की सख्ती देखने को मिली। सुबह 10 बजे के आसपास एसएसपी विजय अग्रवाल और एएसपी ट्रैफिक रिचा मिश्रा के निर्देश पर ट्रैफिक टीआई मनीष शर्मा दल बल के साथ संडे मार्केट पहुंचे। जहां पार्किंग के लिए खींची गई सीमा रेखा के बाहर खड़े दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों के खिलाफ जमकर कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस की सख्ती को देख नो पार्किंग में खड़े वाहन पर खरीददारी कर रहे लोगों में हड़कंप मच गई। दरअसल, सुपेला में हर रविवार को घड़ी चौक से गदा चौक की ओर गुजरने वाली सड़क पर मार्केट लगता है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा मार्केट की वजह से सड़क पर आवाजाही बाधित न हो। इसके लिए दोनों ओर वाहन पार्किंग के लिए एक दायरा तय कर सीमांकन किया गया है। बावजूद इसके अनेक वाहन चालक पार्किंग के दायरे से बाहर अपने वाहनों को खड़ा करने से बाज नहीं आ रहे थे। लिहाजा सीधे आने जाने वाले वाहन चालकों को बेवजह जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था।

**खास बातें**

- क्रेन से टांगकर वाहनों को ट्रैफिक टावर लाया
- लोगों को आने-जाने में हो रही थी परेशानी
- घड़ी चौक पर भी बेतरतीब वाहन हटाए



## खबर संक्षेप



### जमानत कराने के नाम पर ठगी, निगरानीशुदा बदमाश गिरफ्तार

**भिलाई।** जमानत कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम रवेली थाना पाटन निवासी नंदन यादव ने पुलिस में शिकायत किया। जिसमें निगरानी बदमाश ग्राम देवार वार्ड 6 निवासी संजू वैष्णव ने पीड़िता का बेटा ओमप्रकाश यादव केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध है। उसका जमानत कराने का झांसा देकर संजू पैसा पट्टा साथ में लेकर गया। एक्टीवा वाहन सीजी-07-सीक्यू-4737 को आरोपी संजू वैष्णव चलाते दुर्ग ले गया। नोटरी कार्यालय दुर्ग में स्टैण्ड में वाहन को खड़ी करने का झांसा दिया। नगदी रकम 1500 रुपये, मोबाईल भी लेकर फरार हो गया। प्रकरण में आरोपी संजू वैष्णव पाटन थाना का निगरानी बदमाश है। जो केन्द्रीय जेल दुर्ग में सजा काट रहा है और पैरोल पर अपने घर ग्राम देवादा आया था। पैरोल का तिथि पूर्ण होने के बाद केन्द्रीय जेल वापस न जाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गया था। थाना प्रभारी पाटन अनिल कुमार साहू , सायबर सेल ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर संजू वैष्णव ग्राम देमार रास्ता में घूमते पकड़ा गया। आरोपी से 800 रुपये नगदी,एक्टीवा वाहन को जब्त किया है। आरोपी न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### ट्रेनीज को जल्द मिलेगा नान फाइनेंशियल अवार्ड: इंटक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ट्रेनीज कर्मचारियों के लिए एक अच्छी खबर है। उन्हें जल्द ही नांन फाइनेंशियल अवार्ड दे दिया जाएगा। इससे बीएसपी से ट्रेनीज के नौकरी छोड़कर जाने का सिलसिला थम जाएगा।

इस आशय का आश्वासन बीएसपी के महाप्रबंधक प्रभारी द्वारा स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के पदाधिकारियों को दिया गया है। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने यह अवार्ड देने की मांग जीएम संजीव श्रीवास्तव से की थी।स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक का प्रतिनिधि मंडल एचआरडीसी के महाप्रबंधक एचआरडीसी प्रभारी संजीव श्रीवास्तव से मुलाकात कर 30 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक एचआरडीसी में रहे ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड देने की इंटक की मांग पर चर्चा किया । यूनियन के जीएस व एनजेसीएस सदस्य वीबी सिंह ने बताया कि जीएम ने भरोसा दिलया कि प्रक्रिया चल रही है 15 अगस्त से पहले सभी 133 ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड दे दिया जाएगा । यूनियन ने ईडी से एचआरडीसी में 30 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक ट्रेनीज रहे कर्मचारियों को नान फाइनेंशियल अवार्ड नहीं दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द अवार्ड की मांग की थी। चर्चा के दौरान यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि उप महासचिव धनेश प्रसाद एवं शिव शंकर सिंह उपस्थित थे ।

### कहीं गड्ढों में सड़कें तो कहीं गंदगी बजबजा रही

# टाउनशिप के मार्केट का सालों से नहीं हुआ मेंटनेंस, व्यापारी परेशान


## बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, जलजमाव, दुकानों में भरता है पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में वर्षों पूर्व बनी मार्केट मेंटेनेंस के अभाव में जर्जर होती जा रही है। लंबे अर्से से अधिकतर मार्केट में संधारण का काम नहीं किया गाय है। इससे न सिर्फ व्यापारी बल्कि लोगों को भी परेशानी हो रही है। बारिश के मौसम में ये परेशानी और बढ़ गई है। व्यवसायियों ने बीएसपी प्रशासन से बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के निर्माण के समय ही सभी सेक्टरों में लोगों की सुविधा के लिए सर्वसुविधायुक्त मार्केट बनाई गई थी। बड़े सेक्टर में तो तीन-तीन मार्केट तैयार की गई। यहां बनी दुकानों को कई साल पहले व्यापारियों को दिया गया था। सेक्टर 1 से लेकर सेकटर 10 और रिसाली, मरोदो व रुआबांधा सेक्टर की बात करें तो बीएसपी ने यहां 25 अलग अलग मार्केट का निर्माण किया है। इन बाजारों में पार्किंग से लेकर प्रशाधन तक सभी सुविधाएं मुहैय्या कराई गई थीं। पिछले कुछ साल से सभी बुनियादी सुविधाएं बदहाल हो गई हैं। बरसात के मौसम समस्या और बढ़ गई है। इसके चलते व्यापारियों के साथ खरीदारों को भी चौतरफा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सफाई, सड़कें, जलभराव, प्रसाधन, पेयजल आदि नागरिक सहूलियतें बदतर हो गई हैं। व्यवसायियों ने बताया कि कई बार बीएसपी से शिकायत के बाद भी मेंटेनेंस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उनके द्वारा हर साल लाखों रुपए टैक्स व रेंट दिया जा रहा है, लेकिन जो सुविधा देने का वादा किया गया था वो नहीं दी जा रही हैं। बारिश के मौसम में जल भराव इतना अधिक हो जाता है कि पानी दुकानों के अंदर तक घुस जाता है। पीने का पानी साफ नहीं आता तो घर से पानी लेकर आना पड़ता है। अधिकतर बाजारों की हालत यह है कि वहां टायलेट कंडम होने से उसमें गंदगी बजबजा रही है। इससे सबसे ज्यादा असुविधा महिलाओं को रही है।






### सेक्टर 6 मार्केट की बाउंड्री टूटी, सी मार्केट में भरता है पानी

टाउनशिप के सबसे बड़े सेक्टर 6 के सबसे बड़े बाजार ए मार्केट की सबसे अधिक बदहाल स्थिति है। मार्केट परिसर की सड़कें इतनी जर्जर हैं कि वहां दोपहिया वाहन तक चलाने में परेशानी हो रही है। पानी भराव के चलते पैदल चलना मुश्किल है। जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। व्यवसायियों ने बताया कि सफाई कर्मी यहां का सारा कचरा पुलिया व पीछे साइड छोड़ कर चले जाते हैं। इससे बारिश में सड़कर इससे बदबू आती है। मार्केट की बाउंड्रीवाल पांच साल से टूटी हुई है, जिसके चलते आवारा मवेशी मार्केट के अंदर घुस कर लोगों का नुकसान करते हैं। इसी तरह सी मार्केट आटो मैकेनिक लाइन और चिकन मटन लाइन की रोड भी जर्जर है। मैकेनिक लाइन के किनारे गंदे नाले का पानी दुकानों में भर जाता है। सेक्टर के सौ से अधिक ब्लाक टूटने के बाद ए मार्केट का व्यवसाय भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### जोनल मार्केट से अफसर भी परेशान

टाउनशिप की आफिसर कालोनी सेक्टर 10 के जोनल मार्केट में समस्या बढ़ने से व्यवसायी ही नहीं बल्कि खरीदी करने आने वाले बीएसपी अधिकारी और परिजनों की भी दिक्कतें हो रही हैं। इसके बाद भी सालों पुराने मार्केट को अपडेट नहीं किया जा रहा है। व्यवसायियों ने बताया कि दिल्ली के कनाट प्लेस के डिजाइन में बनाया गया यह सर्वसुविधायुक्त मार्केट नियमित मेंटेनेंस नहीं होने से अपना मूल स्वरूप खो चुका है। काफीहाउस रोड, मेडिकल रोड व कार मेकेनिक रोड सभी गड्ढों से युक्त हैं। सीवेज का पानी दुकानों के सामने बहने व जगह जगह कचरे से बदबू व गंदगी है। सड़कों पर बेतरतीब गाड़ियों से शाम को जाम व आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# निगम कर्मचारियों ने लिया विरोध वापस

## सीएम साय ने दिया मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगरी निकाय कर्मचारियों ने विरोध वापस ले लिया है। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जल्द पूर्ण करने के आश्वासन के बाद यह निर्णय लिया। पिछले एक सप्ताह भर से अपने-अपने स्थानीय निकायों में कर्मी काली पट्टी लगाकर फील्ड और कार्यालयीन कार्यों को कर रहे थे।

### इन मांगों को लेकर हो रहा था प्रदर्शन

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी नगरी निकाय कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया कि निकाय कर्मचारियों की बहुत ही महत्वपूर्ण और जमीनी स्तर की तीन मांगे थी। जिसमें महीने के पहली तारीख को वेतन का भुगतान करने, शासन के अन्य विभागों की भांति पुरानी पेंशन योजना लागू करने, और समय पद पदोन्नति प्रदान करना शामिल है।

### इन प्रतिनिधि मंडल से हुई चर्चा

संघ के प्रदेश पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से उनके निवास में भेंट मुलाकात कर अपनी गंभीर और महत्वपूर्ण मांगों और समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यमंत्री साय द्वारा निकाय कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अति शीघ्र मांगों पर विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। चर्चा सकारात्मक और सार्थक रही और आने वाले समय पर निश्चित रूप से कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले में प्रमुख रूप से कर्मचारी संघ के संरक्षक संजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, प्रदेश महामंत्री सुभाष सोनकर, वरिष्ठ सलाहकार श्रवण ठाकुर, और कर्मचारी ललित साहू उपस्थित थे।

# हॉस्पिटल सेक्टर के अनफिट आवासों को जमींदोज किए जाने का रास्ता साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उच्च न्यायालय बिलासपुर ने हॉस्पिटल सेक्टर में भिलाई इस्पात संयंत्र के अनफिट आवासों को गिराने पर 8 साल का स्थगनादेश हटा दिया है। कोर्ट ने सम्पदा न्यायालय को मामले को 6 महीने के भीतर निपटाने का निर्देश दिया है। इस मामले में 302 याचिकाकर्ता थे। ये सभी अनधिकृत कब्जाधारी पिछले 8 साल से मुफ्त बिजली और पानी का उपयोग कर रहे थे।

- हाई कोर्ट ने नौ साल पुराना स्टे आर्डर किया रद्द

हाई कोर्ट ने अपने फैसले में बीएसपी के पक्ष में हास्पिटल सेक्टर के रहवासी कब्जाधारियों के स्टे को रद्द कर दिया है। मामले में बीएसपी के संपदा न्यायालय को छह महीने के अंदर निपटाने का आदेश दिया है। यहां अनफिट ब्लाकों में 666 आवासों अनधिकृत रूप से कब्जा है। गौरतलब हो कि वर्ष 2016 में बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग के तोड़ दस्ते ने पुलिस फोर्स की मौजूदगी में भारी लावलश्कर के साथ सेक्टर 9 हास्पिटल की पीछे हुडको के निकटस्थ हास्पिटल सेक्टर में बीएसपी आवासों मे रहे अवैध कब्जाधारियों को हटाने बेदखली कार्रवाई की थी। लेकिन रहवासियों ने राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ इस कार्रवाई का जबरदस्त विरोध किया था। सैकड़ों रहवासी बुलडोजरों के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किए थे। व्यापक विरोध और कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होते देख बेदखली कार्रवाई रद्द करनी पड़ी थी। इस दौरान अनधिकृत रूप से रह रहे कब्जाधारियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर राहत की गुहारी लगाई थी। रिट में रहवासियों ने रिटायर बीएसपी कर्मियों व परिजनों, मजदूर, अटेंडेंस व झाड़ू पोंछा लगाने आदि गरीब तबके का होने का हवाला देते हुए मदद की अपील की थी। कोर्ट ने 2016 में इन अनधिकृत रूप से रह रहे लोगों के पक्ष में स्टे दिया था।




### दस साल पूर्व अनफिट घोषित हो गए थे मकान

हास्पिटल सेक्टर के 33 बीएसपी आवासीय ब्लाकों में आज भी लोग कब्जा कर रह रहे हैं। यहां 666 मकान हैं। साठ के दशक में बने सभी आवास जर्जर हो चुके हैं। इसे देखते हुए बीएसपी ने वर्ष 2013 में इन्हे सुरक्षा की दृष्टि से अनफिट घोषित कर दिया था। जर्जर होने से हादसे और बिजली पानी के रूप में नुकसान को देखते हुए बीएसपी ने 9 साल पूर्व आवासों में बेदखली कार्रवाई शुरू की थी। प्रबंधन सूत्रों के मुताबिक अब स्टे रद्द होने से आगे इन ब्लाकों को जमींदोज किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है।

# 18 मेडल के साथ तीरंदाजों ने रचा इतिहास, राष्ट्रीय स्तर सबसे बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

राजनांदगांव के राह तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ियों ने 18 मेडल जीतकर बाजी मारी है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह समेत अन्य ने बधाई दी है।

राजनांदगांव जिले के राह तीरंदाजी एकेडमी के खिलाड़ियों ने नया कीर्तिमान रचा है। खिलाड़ियों ने सीबीएसई स्कूल आर्चरी चैंपियनशिप में 18 मेडल जीतकर इतिहास बनाया है। चटर्जी नोबल स्कूल कोलकाता वेस्ट बंगाल में हुए चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने बाजी मारी है। राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में बड़ी उपलब्धि मिली है। वहीं इस उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, आईजी अभिषेक शाडिल्य, कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा एसपी मोहित गर्ग समेत अन्य ने बधाई दी है।



### खिलाड़ियों को प्रोटीन डाइट

इस साल ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर एक महीने तक स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन ने रक्षित आरक्षित केंद्र पुलिस लाइन में रखा था। जिसमें आईबी ग्रुप और जिला पुलिस प्रशासन के विशेष सहयोग से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र साथ नक्सल प्रभावित इलाके से आए बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। आईबी ग्रुप की तरफ से एमडी बहादुर अली प्रशिक्षण शिविर में आए 80 से अधिक बच्चों को प्रोटीन डाइट और अत्याधिक खेल उपकरण उपलब्ध कराए गए थे।

### पहली बार जिले को राष्ट्रीय स्तर उपलब्धि

अब तक की तीरंदाजी में एक ही प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा मेडल और चैंपियनशिप जीतने का रिकॉर्ड भी राह तीरंदाजी के खिलाड़ी ने रिकॉर्ड बनाया है। इनके पीछे इनके कोच वनिता साहू, हीरु साहू और अजेंद्र टाडेकर की मेहनत का परिणाम है।

### चरोदा भिलाई-तीन के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर देवबलौदा में लगा स्वास्थ्य शिविर

# मधुमेह मरीजों को बताए स्वस्थ रहने के गुर, पौष्टिक आहार देने सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 की टीम भिलाई सहित दुर्ग जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रही है। इसके अंतर्गत जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर स्वास्थ्य महकमा सहयोगी मरीजों उपचार कर लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। इसी कड़ी में विकास खंड पाटन के शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-तीन के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर देवबलौदा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

### बीपी, डायबिटीज व नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग

बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि शिविर में कुल 96 लोगों का पंजीकरण किया गया उच्च रक्तचाप ओर डायबिटीज टाइप-2 और नवजात शिशुओं की विशेष स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 6 मरीज उच्च रक्तचाप और 10 मरीज टाइट 2 डाइबिटीज के मरीज मिले हैं। नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग में माताओं को बच्चों को स्तनपान के बाद बच्चों को डकार दिलाने की विधि बताई गई।



### वायरल फीवर के मिले मरीज

डॉ. ए एल बेंजामिन ने बताया कि बच्चों में चर्म रोग और बुखार सर्दी-जुकाम वायरल फीवर के मरीज मिले। जिसके लिए दवा देकर साफ सफाई और ताजा भोजन करने और स्वाद अनुसार व्यंजन बनाकर बच्चों को देने बताया गया ताकि बच्चों को बाहरी बिकने वाली चीजें से बचाए जा सके।

### माताओं से कहा-हलवा उपमा, खीर दें बच्चों को

माताओं को बताया कि सूजी के अलग-अलग व्यंजन में हलवा,उपमा,खीर बनाकर अलग-अलग दिन दें, जिससे बच्चों में खानपान के प्रति रुचि बनी रहे। उसी तरह अन्य साग सब्जी और बेसन को अलग-अलग स्वरूप में बनाकर देने से बच्चों में रुचि रहेगी। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि महिला और पुरुष रोग में कमर दर्द और कमजोरी एनीमिया सामान्य रूप से मिले हैं। जिसका प्रमुख कारण कुपोषण , अच्छा पौष्टिक आहार की कमी है। चर्म रोग को लेकर वर्षा ॠतु में नमी ओर गीलेपन से बचाव जरूरी है।

### फंगल इंफेक्शन से ऐसे करें बचाव, तालाब में नहाने से बचें

डॉ. ने बताया कि कपड़े सुखा कर और प्रेस करके पहने जिससे फंगल इंफेक्शन से बचाव हो सकता है। इस समय फंगल इंफेक्शन व्यापक रूप ले रहा है। तालाब के पानी में नहाने से बचना चाहिए। डॉ बेंजामिन ने कहा स्वच्छता को हर स्तर पर अपनाए ताजा भोजन करें, प्रतिदिन स्नान करे बच्चों में व्यावहारिक स्वच्छता जरूर सीखना चाहिए। शिविर में फार्मासिस्ट सोशन जेकब, नर्सिंग सिस्टर प्रभा सेमवाल, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई-3, सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही आर विश्वास देवबलौदा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका देविला चंद्राकर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कुमेश साहू और रजिस्ट्रेशन में मंसूर अली ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



04



अनारकली सूट अपनाएंगी तो खूबसूरती में लगेंगे चार चांद


**लाइव इवेंट**

## हाइजीन मेंटेन करने वृद्धाश्रम में दिए बेडशीट और टॉयलेट क्लीनर



**भिलाई।** वृद्धाश्रमों में रह रहे बुजुर्गों का बारिश के मौसम में ध्यान रखते हुए सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित संस्था दिशा के तत्वावधान में दुर्ग एवं भिलाई स्थित विभिन्न वृद्धाश्रमों में मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित होकर एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। बारिश के मौसम संस्था द्वारा वृद्धजनों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नये बेडशीट, टॉयलेट एवं फ्लोर की सफ़ाई के लिए फिनाइल, तथा रोजाना इस्तेमाल में आने वाली वस्तुएं जैसे टूथपेस्ट, ब्रश, साबुन, तेल,पाउडर , कंघी आदि के पैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था के सक्रिय सदस्यों में रामानुजन राजू, उत्तम डे, सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देवनाथ, बापी दास, राजेश धारकर, जवाहर, प्रदीप दास, वसंत कुमार, नरसिम्हा ने अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रमों में रह रहे बुजुर्गों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना की और खुशी व्यक्त की। संस्था के सदस्यों का मानना है कि वर्षा ऋतु में वृद्धजनों की सुविधा और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि वे स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में रह सकें। वरिष्ठ सदस्य शांतनु दासगुप्ता ने बताया कि दिशा संस्था द्वारा प्रति माह इस प्रकार के सेवा कार्य आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करना और उनमें आत्मसम्मान की भावना बनाए रखना है। संस्था के डॉ सुरेश शर्मा ने भविष्य में भी इसी तरह की सेवाभावी गतिविधियां जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

- दुर्ग-भिलाई के वृद्धाश्रमों में जरुरतमंदों को वितरित की सामग्री

**सिटी इवेंट**

## रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी के अध्यक्ष बने अशोक



**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई स्टील सिटी के नए कार्यकाल के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। जिसमें अशोक सूरी ने अध्यक्ष और पीएस बिंद्रा ने सचिव पद की जिम्मेंदारी निभाने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान नयन दीप स्कूल के डिसेबल बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल ने दिया और सचिन बिंद्रा ने पिछले वर्ष के कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संतोष राय ने नए अध्यक्ष को पिन लगाकर बधाई दी। कार्यक्रम में नए अध्यक्ष अशोक सूरी ने आगामी वर्ष में क्लब की द्वारा किए जाने वाले कार्य की जानकारी दी। रोटरी चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एम सी जैन ने नयन दीप विद्या मंदिर के गतिविधियों के बारे में जानकारी दी और कार्यक्रम में नयन दीप विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सदस्य सी एस बाजवा, एम सी जैन, पीसी लालवानी, अखिलेश यादव, राजदीप सेन, रमेश श्रीवास्तव, राजू सिंह, एस सी नंदा, मूलचंद जैन, गौरीशंकर अग्रवाल, अनामिका पटेल, ज्योति बिंद्रा, पूनम सूरी, कुमुद श्रीवास्तव, जनेश्वर सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुमन कन्नौजे ने किया।

- नए कार्यकाल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**सिटी इवेंट**

## छोटा परिवार-सुखी परिवार का फॉर्मूला अपनाने के लिए सलाह



**भिलाई।** विश्व जनसंख्या दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 शहरी स्वास्थ्य मिशन युनिट चरोदा में बढ़ती जनसंख्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ शिखर अग्रवाल ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के माध्यम से छोटा परिवार सुखी परिवार फॉर्मूला अपनाकर बढ़ती जनसंख्या पर स्थिरीकरण का सरल उपाय है, डॉ कीर्ति तिर्की ने विश्व जनसंख्या दिवस पर कहा कि शासन द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया जाता है जिसमें पुरूषों ओर महिलाओं की स्थाई नसबंदी शिविर आयोजित की जाती है। बीईईटीओ सैय्यद असलम ने उपस्थित हितग्राहियों को परिवार नियोजन कार्यक्रम संबंध में बताया कि 11 जुलाई से पखवाड़ा आयोजित किया गया है। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट, पाटन, सिविल अस्पताल सुपेला और जिला अस्पताल दुर्ग में विशेष सर्जन द्वारा स्थाई विधि के माध्यम से सी टी टी और एल टी टी महिला नसबंदी शिविर आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, खंड चिकित्सा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव गलेड, जिला परिवार कल्याण नोडल अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी शासकीय अस्पतालों में परिवार नियोजन के अस्थाई साधन निशुल्क उपलब्ध है।

● सावन के चारों सोमवार ट्विनसिटी में होंगे विविध आयोजन

# सावन का पहला सोमवार आज, कैलाश की तरह सजे शिवालय, शिवनाथ में शिव भक्तों का लगेगा मेला

**भगवान शंकर के प्रिय श्रावण मास के आज पहले सोमवार को सभी शिव मंदिरों में रंग-रोगन के साथ सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। भक्त भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए उत्सुक हैं और शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने की तैयारी भी मंदिर समितियों द्वारा की जा चुकी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस बार सावन में कुल चार सोमवार पड़ेगे। जिसमें पहला सोमवार 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई और चौथा सोमवार 4 अगस्त को मनाया जाएगा।**

**भिलाई।** आज सुबह होते ही जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का सैलाब उमड़ेगा। साफ-सफाई से लेकर शिवालयों को भव्य रूप में सजाया गया है। जलाभिषेक करने आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना ना करना पड़े, इसके लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी की गई है। शिवालयों पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहेंगे। सोमवार को दुर्ग शिवनाथ नदी किनारे प्राचीन शिव मंदिर में चार बजे भोर से 11 बजे दिन व शाम चार बजे से रात आठ बजे तक भोलेनाथ का जलाभिषेक और दर्शन पूजन किया जाएगा। राज-राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस में शिवभक्त बाबा का जलाभिषेक और दर्शन पूजन करेंगे। भोलेनाथ के जलाभिषेक को देखते हुए प्रशासन की तरफ से भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सभी मंदिरों में भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की टीम तैनात कर दी गई है।




### सोमवार पर भक्त करेंगे भोलेनाथ का अभिषेक

सावन का पहले सोमवार को ट्विनसिटी सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रमुख और अन्य शिवालयों में भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। जिसमें दुर्ग शिवनाथ नदी किनारे प्राचीन शिव मंदिर, राज-राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस, सेक्टर से शिव धाम, नेहरु नगर भेलवा तालाब, सेक्टर 9 मनोकामना मंदिर, सेक्टर 6 जल कंठेश्वर मंदिर, कालीबाड़ी शिव मंदिर, दुर्ग शीतला मंदिर में दर्शन-पूजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं, सड़कों और घाटों पर कांवड़ियों की कतारें लगने लगी हैं।

### कांवड़ यात्रा करने निकल पड़े श्रद्धालु, मंदिरों में होगी पूजा

11 जुलाई के सावन मास लगने के साथ ही शिवभक्त बैजनाथ धाम में कांवड़ यात्रा के लिए निकल चुके है जो आज पहले सोमवार को बाबा बैजनाथ को कांवड़ का जल अर्पित करेंगे। इस बार सावन के चारों सोमवार को दुर्ग-भिलाई के शिवभक्त शिवनाथ नदी से जल लेकर कांवड़ यात्रा करते हुए विभिन्न शिवालयों में जल अर्पित करेंगे। सावन का महीना शिव भक्तों के लिए भी सबसे खास महीना होता है। हिंदू धर्म में ऐसी मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की विधि विधान से पूजा करने पर हर मनोकामना पूरी होती है।



### सावन महिने में ट्विनसिटी में होंगे भव्य आयोजन

ट्विनसिटी के भक्तों को हर साल की भांति इस बार भी पूरे सावन महिने में शिव भक्ति करने का विशेष अवसर मिलेगा। इस बार भी बोल बम सेवा एंव कल्याण समिति द्वारा 30 जुलाई से 5 अगस्त तक अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं प्रदीप मिश्रा दवरा शिव कथा सुनने का अवसर मिलेगा। वही जीवन आंनद फाउंडेशन के तत्वावधान में 27 जुलाई रविवार को जोन 1 मंदिर से प्राचीन शिव मंदिर देव बलोदा के लिए भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। तो वही सेक्टर 7 तालाब स्थित शिव धाम समिति के द्वारा सावन के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को महा रुद्रभिषेक, महाभंडारा के साथ ही शाम को बनारस के तर्ज पर 1501 महिलाओं द्वारा सेम ड्रेस कोड में गंगा आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए 18 जुलाई को माता पार्वती को 16 श्रृंगार का सामान अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी।

### सोमवार को भगवान शिव की करें विधि से पूजा-पाठ



दीक्षित कालोनी स्थित शिव मंदिर के पुजारी पंडित रविशंकर मिश्रा ने बताया कि भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए श्रावण मास उत्तम माना गया है जिसमें विधि-विधि-विधान से पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। सावन के पूरे महिने या फिर सभी सोमवार को सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण कर भगवान शिव का स्मरण करें, शिवलिंग या प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक कर चंदन, फूल, बेलपत्र, धतूरा, आदि अर्पित करें। धूप और दीप जलाएं और आरती करें। शिव मंत्रों \ॐ नमः शिवाय\या \महामृत्युंजय मंत्र\ का जाप करें। सावन के महीने में शिव पुराण का पाठ करना और शिव कथा सुनना शुभ माना जाता है। पंडित ने सावन में पूजा करने के महत्व को बताते हुए कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से विशेष फल मिलता है। सोमवार का व्रत रखने से सुख, शांति और समृद्धि आती है। इस महीने में भगवान शिव की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस महीने के सभी दिन व सोमवार भक्तों के लिए खास होते है। इस पवित्र सावन महीने में घरों पर महारूद्राभिषेक कराने का भी विशेष फल भक्तों को मिलता है।

# कालसर्प दोष, पितृदोष का निवारण करने 108 शिवलिंग का महारुद्राभिषेक

**भिलाई।** इस्पात नगर रिसाली स्थित सांई मंदिर के बाजू में स्थापित महामृत्युंजय मंदिर में रविवार की सुबह से तीन दिवसीय महारुद्राभिषेक के आयोजन की शुरूआत हुई। इस दौरान सुबह 9 बजे से श्रद्धालुओं ने पूजा आरंभ कर दोपहर तक की गई। उसके बाद शाम 5 बजे से फिर विभिन्न अनुष्ठान किये गए। 13 और 14 के कार्यक्रम में काल सर्प दोष, पितृदोष एवं मंगलदोष निवारण के लिए भी हवन पूजन किया जाएगा।

- महामृत्युंजय धाम में तीन दिवसीय महारुद्राभिषेक शुरू







पंडित आचार्य श्रीनिवास ने बताया कि 108 शिवलिंग से महारुद्राभिषेक होगा। साथ ही सहस्त्र रूद्राक्ष से शिवलिंग बनाकर अभिषेक किया जाएगा। तीन दिवसीय हवन-पूजन को विधि-विधान से संपन्न कराने दक्षिण भारत से पंडितों की टीम आई है। तीनों दिन पूजा का समय सुबह 8 से 12 बजे तक और शाम को 5 से 7 बजे तक रहेगा। आचार्य श्रीनिवासुलू ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रावण मास में भगवान शिवजी का आशीर्वाद प्राप्त करने को कहा है।

## शीतला मंदिर में आज आध्यात्मिक सत्संग



**दुर्ग।** ओम फाउंडेशन दुर्ग जिला शाखा द्वारा सावन के प्रथम सोमवार 14 जुलाई को दुर्लभ आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन सिविल लाइन कसारीडीह स्थित मां सतरूपा शीतला मंदिर में किया गया है। सत्संग में शिव सत्संग से भाग्योदय के प्रणेता स्वामी ऋषिभानंद द्वारा श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। यह सत्संग दोपहर 3 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगा। सत्संग आयोजन की तैयारी में सतरूपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र धर्माकर, उपाध्यक्ष शिवसागर सिंहा, ओम फाउंडेशन सदस्य अर्जुन वर्मा, टोमन साहू, पंचूराम निषाद एवं अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

**कार्नर न्यूज**

महिलाओं द्वारा निर्मित स्वदेशी उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

# रिमझिम सावन मेला में महिलाओं ने खूब मचाया धमाल, एग्जीबिशन में दिखे सावन के रंग



**भिलाई।** सावन के महीने में महिलाओं के लिए नेहरु नगर राधा कृष्ण मंदिर में दो दिवसीय आकर्षण एग्जीबिशन का आयोजन किया गया था। जिसमें महिलाओं द्वारा बनाए गए स्वदेशी उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में युवतियों व महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के उत्पादों जमकर खरीददारी की। एग्जीबिशन में आसपास सहित कोलकाता, आगरा सहित विभिन्न स्थानों से आई महिला उद्यमियों ने सिल्क की साड़ियां, लड्डु गोपाल की सुंदर पोशाके, ज्वेलरी, पर्स, कुर्तियां, बेडशीट, कंफर्टर सहित नागपुर, राजनांदगांव से आचार, बड़ी, पापड़, मुख वाश खरीदने भीड़ रही। वहीं अन्य क्षेत्रों की महिलाओं ने राखियां, फुटवियर, ज्वेलरी, साड़ियां, हस्तशिल्प, इंडो वेस्टर्न ड्रेसेस और हैंड पेंटिंग की शानदार प्रदर्शनी लगाते हुए अपनी उद्यमशीलता और उत्पादों को प्रदर्शित करने में प्रतिभा दिखाई।





### सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और परंपराओं को जीवित रखने आयोजन

महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट द्वारा आयोजित आकर्षण एग्जिबिशन में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिल्हा, गोंदिया, बिलासपुर, राजनांदगांव, नागपुर सहित कोलकाता, आगरा से भी आई महिलाओं ने अपने सुन्दर सामानों के साथ स्टॉल लगाए थे। आयोजक अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रमों का उद्धेश्य महिलाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और परंपराओं को जीवित रखने के लिए किया जाता है। यह प्रदर्शनी, महिलाओं को एक-दूसरे से मिलने, बातचीत करने और नए दोस्त बनाने का भी एक शानदार अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा यह प्रदर्शनी महिला उद्यमियों के लिए एक मंच भी है, जहां वे अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर सकती हैं और अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे सकती हैं।

### नागपुर से बड़ी, पापड़, सूखा नाश्ता, मुख वाश ने लुभाया

जिसमें कोलकाता और आगरा से भगवान की सुंदर पोशाक, ज्वेलरी, पर्स, कुर्तियां, बेडशीट, कंफर्टर, साड़ियां, सुन्दर राखियां, किट्स, गिफ्ट आइटम, कलाकृतियां, बच्चों के खूबसूरत सामान वही बिल्हा, गोंदिया, बिलासपुर, राजनांदगांव, नागपुर से बड़ी, पापड़, सूखा नाश्ता, मुख वाश आदि वस्तुओं के खूबसूरत सुसज्जित स्टॉल लगे हुए थे। प्रदर्शनी को ग्राहकों की ओर से बहुत अच्छा रेस्पॉन्स मिला। इस अवसर पर लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट की चार्टर प्रेसिडेंट अनिता अग्रवाल, प्रेसीडेंट बबीता सोनी, सचिव अर्चना गुप्ता, कोषाध्यक्ष मीरा अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, भारती अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, सरोज दिनोदिया, अनिता पांडेय, सुनीता बल्लेवार, मंजू शर्मा, सुनीता शर्मा, मंजू बंसल, प्रभा पटेल, भावना गुलहाने सहित सभी सदस्यों ने उपस्थित होकर सावन में लगे एग्जीबिशन लुत्फ उठाया।सावन के महीने में आयोजित इस प्रदर्शनी में महिलाओं में विशेष उत्साह और उमंग दिखाई दिया। इस प्रदर्शनी में उन्होंने न केवल खरीदारी की बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का भी आनंद लिया।

सिटी इवेंट

## बेटियों की शिक्षा में नहीं आएगी बाधा, छात्राओं को दिए उपहार



**भिलाई।** संजीवनी बालिका हॉस्टल में स्कूली छात्राओं को स्कूल बैग, जूते, नोटबुक और स्टेशनरी सामग्री का वितरण गोल्डन एंपथी फाउंडेशन द्वारा किया गया। छात्राओं को शिक्षा में सहूलियत प्रदान करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई इस पहल के दौरान फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बेटियों की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रदीप पिल्लई ने बच्चियों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि हर बार की तरह सभी बेटियां उल्लेखनीय अकादमिक परिणाम लाएंगी। इस दौरान उपस्थित समाजसेविका कमला देवी टावरी ने बच्चियों को संबोधित करते हुए कुछ प्रेरक प्रसंग सुनाए और जीवन में हर चुनौती का सामना करने तैयार रहने का आह्वान किया। समग्र शिक्षा अभियान दुर्ग जिला समन्वयक सुरेंद्र पाण्डेय ने संस्था की पहल को एक अनुकरणीय कदम बताते हुए कहा कि ऐसे छोटे-छोटे कदम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ जीवन मूल्यों को भी जरूर जानें। छात्राओं ने इस सहयोग के लिए आभार प्रकट किया और नए उत्साह के साथ अपने शैक्षणिक जीवन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा अभियान दुर्ग की सहायक समन्वयक गीता शर्मा, संजीवनी बालिका आवासीय छात्रावास दुर्ग की अधीक्षिका धनेश्वरी साहू, लेखापाल ऋतु मेश्राम, सुरुचि टावरी, शुभगा सुरेश, मृदुल शुक्ला, डॉ ज्योति पिल्ले,मोनिका सिंह,विशाखा मनगुडे, प्रकाश देशमुख, अजीत सिंह और प्रद्युम्न टावरी सहित शिक्षकगण और अन्य स्थानीय गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

● मार्शल आर्ट आत्मरक्षा के साथ ही जीवन को अनुशासित बनाने की बेहतरीन कला है: घनश्याम देवांगन

# मार्शल आर्ट के 77 खिलाड़ियों का बेल्ट अपग्रेडेशन, किया दांव-पेंचों का प्रदर्शन

0। भिलाई। परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में अभिषेक मार्शल आर्ट एवं स्पोर्ट्स एकेडमी के 77 कराटे खिलाड़ियों का बेल्ट अपग्रेडेशन और सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों ने कराटे के विभिन्न दांव-पेंच, समूह में अनेक प्रकार के टावर फार्मेशन और आत्मरक्षा में ट्रेडिशनल लाठी-चालन का भी शानदार प्रदर्शन किया। जिसे देख उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाट से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। समारोह के मुख्य अतिथि एकेडमी के संरक्षक एवं देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवांगन ने कहा कि मार्शल आर्ट आत्मरक्षा के साथ ही जीवन को अनुशासित बनाने की बेहतरीन कला है। मार्शल आर्ट हर वर्ग के लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी है। कठोर परिश्रम एवं सतत अभ्यास से ही कला में निपुणता आती है। उन्होंने सभी कराटे खिलाड़ियों को शुभकामानाएं देते हुए विभिन्न स्तरीय खेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर कराटे के खिलाड़ियों ने अपने प्रशिक्षक गुरु सेंसाई अभिषेक कुमार ब्लैक बेल्ट 3 डीएन कियो सर्टिफाइड जज एवं कोच का विशेष सम्मान कर उपहार भेंट किया।



### इन बच्चों को बेल्ट देकर किया पुरस्कृत



विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में कराटे नेशनल प्लेयर केशर देवांगन, कलश गंगबोइर, प्रियांशु नेताम, मयंक देवांगन तथा ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मर 7 साल की नायरा बघेल और 14 साल आदित्य रंजन को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कराटे के सभी 77 उत्तीर्ण खिलाड़ियों को अपग्रेडेड कलर बेल्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें 7 ब्राउन बेल्ट, 16 पर्पल, 8 ब्ल्यू, 13 ग्रीन, 12 आरेंज एवं 21 येलो बेल्ट में अपग्रेड हुए।



### टावर फार्मेशन और लाठी चालन दिखाया

सम्मान समारोह की शुरुआत में नन्ही बालिका रूद्रांशी द्वारा शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति दी गई। नृत्य में बच्ची की भाव भंगिमाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा कराटे में सीखे गए दांव-पेंच अपनाकर बलात्कारियों एवं गुंडों से बचाव का प्रदर्शन सराहनीय रहा। बालक और बालिकाओं ने समूह में अनेक प्रकार के टावर फार्मेशन और कराटे के विभिन्न कलाओं का आकर्षक प्रदर्शन कर दर्शकों को प्रभावित किया। कराटे खिलाड़ियों ने आत्मरक्षा में ट्रेडिशनल लाठी-चालन का भी प्रदर्शन किया। परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में बच्चों को नियमित रूप से कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और यहां के खिलाड़ी प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने का गौरव हासिल कर चुके हैं। सम्मान समारोह में विजेता खिलाड़ियों के साथ ही उनके अभिभावक एवं परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। दर्शकों ने हर प्रदर्शन पर तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

सिटी इवेंट

## राज्य स्तरीय कुश्ती दंगल में शीर्ष पहलवान दिखा रहे दमखम



**भिलाई।** महात्मा गांधी उ मा विद्यालय दुर्ग के प्रांगण में राज्य स्तरीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया था। जिसमें राज्य के शीर्ष पहलवानों ने भाग लिया। राज्य स्तरीय कुश्ती दंगल में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, दुर्ग जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष शिव सागर सिन्हा, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका वाघमर, जगन्नाथ सिंह यादव, अधिवक्ता नागेन्द्र शर्मा, तोषानंद शुक्ला सहित दुर्ग जिला कुश्ती संघ के गणमान्य जन उपस्थित थे। लगातार 17 सालों से आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती दंगल में राज्य के शीर्ष पहलवान भाग लेते हैं। जिसमें प्रमुख रुप से प्रतिभागी पहलवान खेलों इंडिया गोल्ड मेडलिस्ट मेन्नु यादव, राम गोपाल यादव, खेलों इंडिया सिल्वर मेडलिस्ट अभिषेक निषाद, लक्ष्मण लाल साहू, भुपेंद्र यादव और अवधेश यादव सहित प्रसिद्ध पहलवान इस दंगल में शामिल हुए। आयोजन का उद्देश्य और दंगल का महत्व बताते हुए कहा कि इस आयोजन से पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को नशे से दूर रखना है। कुश्ती दंगल से स्थानीय प्रतिभा को बढ़ावा और स्थानीय पहलवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। दंगल में भाग लेने वाले पहलवानों के बीच खेल भावना और मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा दिया जाता है। इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र में खेलों के प्रति उत्साह और रुचि बढ़ती है, और युवाओं को अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

भारतीय सिंधु सभा भिलाई इकाई का गठन

## सिंधी संस्कृति संरक्षण का प्रयास करने पिंकी बनी महिला विंग की अध्यक्ष



**भिलाई।** भारतीय सिंधु सभा की भिलाई इकाई का गठन राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। जिसमें भिलाई इकाई अध्यक्ष हाउसिंग बोर्ड निवासी साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली की सदस्य पिंकी थारानी को बनाया गया है। भारतीय सिंधु सभा की भिलाई इकाई का गठन राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला विंग अध्यक्ष सुषमा जेठानी,सिंधी सेंट्रल पंचायत प्रदेश उपाध्यक्ष एवं आदर्श सिंध ब्रादर मंडल अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी,भारतीय सिंधु सभा भिलाई अध्यक्ष सुरेश नागदेव, हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज महिला विंग अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव की उपस्थिति में हाउसिंग बोर्ड भिलाई में संपन्न हुआ। इस दौरान भिलाई इकाई के अध्यक्ष पद के लिये हाउसिंग बोर्ड निवासी साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली की सदस्य पिंकी थारानी को सिंधी संस्कृति संरक्षण में किये जा रहे प्रयासों के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष पिंकी थारानी द्वारा समाज की संस्कृति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया गया और जल्द ही भिलाई इकाई की कार्यकारिणी की घोषणा करने की बात भी कही। जिसमें भिलाई की 6 सिन्धी पंचायतों के पदाधिकारियों को



कार्यकारिणी में शामिल करने की जानकारी दी। आदर्श सिंध ब्रादर मंडल हाउसिंग बोर्ड भिलाई ने अपने समाज के सदस्य को इस महत्वपूर्ण पद मिलने पर शॉल पहनाकर और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

भारतीय सिंधु सभा भिलाई की महिला विंग अध्यक्ष पिंकी थारानी ने अपने संबोधन में समाज के सभी सदस्यों व कार्यकारिणी टीम का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष सुषमा जेठानी, हाउसिंग बोर्ड भिलाई के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी, भारतीय सिंधु सभा भिलाई अध्यक्ष सुरेश नागदेव, महिला अध्यक्ष लक्ष्मी नागदेव सहित अल्का थारवानी, निकिता लालवानी, कंचन वीरवानी उपस्थित रहे।

आयोजन

## याद किए गए कर्बला के शहीद, बच्चों सहित सभी वर्गों की रही भागीदारी



**भिलाई।** अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शोहदाये कर्बला की याद में जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल सेक्टर-6 में शाम तकरीरी प्रोग्राम रखा गया। जिसमें आलिमा गुलनिशा ने कर्बला के शहीदों का बयान किया। आलिमा का इस्तकबाल शाहीन खां और लीना तज़मीन ने किया। उमरपोटी के मौलाना जीशान ने फातिहा ख्वानी की। इसके बाद सभी लोगों में खिचड़ा तकसीम किया गया। इस दौरान मदरसा रूआबाँधा और मदरसा उमरपोटी के मौलाना व बच्चे, बैतुल माल कमेटी और बीबी फातिमा जोहरा कमेटी के सदस्यों ने भी शिरकत की। आयोजन में अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली, सचिव कौसर खाँ, सहसचिव कैसर इकबाल, लीना तज़मीन, कोषा अध्यक्ष शाहीन खां, दिलशाद बेगम, नीलोफर, नरगिस, दरख्शां अंजुम, शमशुन निसा और आयशा आलम सहित तमाम लोगों की भागीदारी रही।

**जामा मस्जिद कम्युनिटी हॉल सेक्टर-6 में शाम तकरीर**

सिटी लाइव

## धरती का श्रृंगार करने छावनी क्षेत्र में किया गया पौधारोपण



**भिलाई।** धरती का श्रृंगार करने जोन 4 छावनी क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई के समीप भिलाई निगम आयुक्त राजीव पांडेय और मोहल्ले वासियों द्वारा पौधारोपण किया गया। बड़ों एवं बच्चों सभी द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया साथ ही पौधा सुरक्षित रखते हुए बढ़ाने का संकल्प लिया। इस पौधारोपण कार्यक्रम में मोहल्ले वासियों का विशेष योगदान रहा। वृक्षारोपण के दौरान वार्ड पार्षद गिरिजा बंछोर, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, वृक्षमित्र मुकेश पांडेय, भूतपूर्व सैनिक शैलेंद्र गुप्ता, मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिक सहित बच्चे उपस्थित रहे। छावनी मुक्तिधाम तालाब उद्यान का निरीक्षण कर ग्रास कटिंग एवं पौधारोपण के लिए उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित भी किया। आयुक्त द्वारा शासकीय योजनाओं के उपयोग के लिए सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू के साथ निगम स्वामित्व के भूमि का निरीक्षण किया गया।

गौ माता रक्षा अभियान की शुरुआत करने नेहरू नगर में निकाली ध्वज यात्रा

कार्नर न्यूज

# अगर सरकार गौ सेवा व सुरक्षा के लिए हमें पूर्ण छूट दे, तो पूरे देश में गौ रक्षा करने हम सक्षम: अनिकेत शास्त्री

**भिलाई।** कबीर संत्सग धाम नेहरु नगर में बृज बिहारी सरकार जबलपुर के अनिकेत शास्त्री ने देशभर में गौ माता की रक्षा के लिए जनजागृति अभियान शुरू करने की घोषणा की। इस अवसर पर नेहरू नगर क्षेत्र में गो माता की रक्षा और गौ रक्षा अभियान के प्रति जनमानस में जागरूकता फैलाने के उद्धेश्य से एक भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। ध्वज यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और साधु-संतों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान गौ माता की जय, गौ हत्या बंद करो , गौ रक्षा धर्म रक्षा जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।



### गौ माता की रक्षा करने में सक्षम

कबीर संत्सग धाम में आयोजित एक आयोजन में अनिकेत शास्त्री ने गौ माता की रक्षा के लिए जनजागृति अभियान की शुरूआत करने की घोषणा करते हुए कहा कि अगर सरकार गौ माता की सेवा व सुरक्षा के लिए हमें पूर्ण छूट दे, तो हम पूरे देश में गौ माता की रक्षा करने में सक्षम हैं। यह कोई साधारण जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हमारे धर्म और संस्कृति की आत्मा से जुड़ा विषय है। इस समय वे मध्यप्रदेश के 4700 गांव में गौ माता की रक्षा के लिए अभियान चलाकर पदयात्रा कर चुके है। अनिकेत शास्त्री ने अंत में अपील करते हुए कहा कि हर नागरिक को अपने स्तर पर गौ माता की सेवा करनी चाहिए, तभी समाज और संस्कृति का संतुलन बना रह सकता है। उन्होंने कहा, जब तक गाय सुरक्षित नहीं, तब तक भारत सुरक्षित नहीं। अनिकेत शास्त्री ने यहां पर दिव्य दरबार लगाकर उपस्थित श्रद्धालुओं की समस्याओं का समाधान किया और उन्हें आध्यात्मिक मार्गदर्शन दिया।

### गौ माता हमारे जीवन का आधार

अनिकेत शास्त्री ने स्पष्ट किया कि गौ सेवा और गौ रक्षा केवल धार्मिक भावना नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गौ माता हमारे जीवन का आधार हैं। आज अगर हम गोवंश की रक्षा नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। दिव्य दरबार के बाद, अनिकेत शास्त्री के नेतृत्व में नेहरू नगर क्षेत्र में एक भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान गौ माता की जय, गौ हत्या बंद करो, गौ रक्षा धर्म रक्षा जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। ध्वज यात्रा के समापन के पश्चात अनिकेत शास्त्री ने गो माता की सेवा व स्थायी संरक्षण के उद्धेश्य से एक स्थायी संगठन-संस्था की स्थापना की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि यह संस्था न केवल गौ रक्षा करेगी, बल्कि जरूरतमंद गौ शालाओं को संसाधन, चिकित्सा सुविधा और चारा आदि की व्यवस्था भी कराएगी। इस संगठन के माध्यम से पूरे देश में गो रक्षा को लेकर अभियान चलाया जाएगा। इस आयोजन स्थानीय लोगों की भी अहम भागीदारी रही। सभी ने मिलकर गोरक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने की शपथ ली।

## सिटी स्पोर्ट्स

### मानसून लीग टेटे में अरिंदम, अर्जुन और समाया बने विजेता




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में आयोजित रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 (सीनियर/जुनियर/कैडेट) में रोमांचक मुकाबले हुए। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरा ग्रुप के जनसंपर्क अधिकारी पंकज शुक्ला ने की तथा विशेष अतिथि चार्टर्ड एकाउंटेंट दीपक जैन थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, गिरिराज बागड़ी, राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में बाकी खेले गये सीनियर पुरुष वर्ग, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग तथा यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग के अंतिम दौर के परिणाम में सीनियर पुरुष वर्ग-- विजेता - अरिंदम देबनाथ, उपविजेता - प्रणय चौहान 3-0 तृतीय-एम रविराज (इसमें टाई से स्थान निर्धारित हुआ), यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग विजेता - अर्जुन मल्होत्रा, उपविजेता - आर्यन सिंह 3-1 तृतीय- सिद्धा धूपर यूथ अंडर--13 (कैडेट) बालिका वर्ग - -विजेता- समाया पांडे, उपविजेता - इसी मिश्रा 3-0 तृतीय - महवीन अंसारी रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अजीत बेनर्जी एवं सहायक निर्णायक गीता पंडित और पी.एन. मजूमदार थे। इस अवसर पर इस अवसर पर सुरेश सादीजा, प्रियंक पांडे,नितिन तिवारी, रसीद अंसारी, पुलकित यदु, आलोक पीटर एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण, पालकगण उपस्थित थे।

### एशिया कप सॉफ्टबॉल में खेलेंगी छत्तीसगढ़ की बेटियां



**रायपुर।** एशिया कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन शियान, चाइना में 14 से 20 जुलाई तक किया जा रहा है। इसमें भाग लेने वाले भारतीय दल में बीजापुर की चंद्रकला तेलम एवं पामगढ़ की शालू डहरिया का चयन किया गया है तथा भारतीय टीम के कोच बीजापुर के सोपान कर्णेवार बनाए गए हैं। टूर्नामेंट की विजेता एवं उपविजेता टीम को वर्ल्ड कप सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा। भारतीय दल में चयन के पूर्व शालू डहरिया एवं चंद्रकला तेलम को कठिन परीक्षण से गुजरना पड़ा है। पहला चयन परीक्षण 2 से 3 फरवरी को आनंतपुर, आंध्र प्रदेश में आयोजित किया गया, उसके बाद 22 से 26 फरवरी तक नागपुर में आयोजित सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में भी खिलाड़ियों की स्क्रीनिंग की गई, तत्पश्चात 15 एवं 16 अप्रैल को श्रीनगर में अंतिम चयन परीक्षण आयोजित कर खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया। इसके बाद 3 से 10 जून तक इंदौर में स्पेशल कोचिंग कैंप का आयोजन हुआ तथा भारतीय दल का गठन किया गया। भारतीय दल को 20 से 25 जून श्रीनगर में तथा 7 से 12 जुलाई तक नई दिल्ली में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। भारतीय दल ने 13 जुलाई की सुबह नई दिल्ली से शियान, चीन के लिए प्रस्थान किया है। टीम में शामिल शालू डहरिया ने 12 बार नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लिया है तथा चंद्रकला तेलम आठ बार नेशनल चैंपियनशिप में खेल चुकी है। सोपान कर्णेवार भी इसके पहले पिंगटन सिटी, चाइना में आयोजित अंडर–18 एशियन सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं। शालू डहरिया को इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक लाख सत्तर हजार रु की आर्थिक सहायता प्रदान की है तथा चंद्रकला तेलम एवं सोपान कर्णेवार की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा प्रायोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारीयों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन बीजापुर के प्रति आभार व्यक्त किया है तथा खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को उम्दा प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी है।

### नितीश ने सीबीएसई ईस्ट ज़ोन तीरंदाजी में जीता ब्रॉन्ज मेडल

**रायपुर।** होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र नितीश रत्नेश ने



कोलकाता में 9 से 12 जुलाई तक आयोजित सीबीएसई ईस्ट ज़ोन तीरंदाजी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 बॉयज़ कैटेगरी के कंपाउंड राउंड में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) प्राप्त किया है। स्कूल की प्राचार्या डॉ सिस्टर क्लेरिटा डी'मेलो एवं खेल विभाग के प्रभारी दिवेंद्र कुमार दास साथ ही खेल शिक्षकों में विकास चंद्र मांझी एवं जयंती दास ने हर्ष जताया है।

## डायबिटीज के बारे में कुछ बातें अच्छे से समझ गए तो दूर हो जाएगी परेशानी

# डायबिटीज का जोखिम साल-दर-साल बढ़ता ही जा रहा, कम उम्र के लोग भी हो रहे शिकार

आईसीएमआर के साल 2023 के रिपोर्ट्स के अनुसार भारत में 10 करोड़ से ज्यादा लोग डायबिटीज के शिकार हैं वहीं 13 करोड़ से अधिक 'प्री-डायबिटिक' हैं यानी इन लोगों को भविष्य में डायबिटीज का खतरा अधिक हो सकता है। आइए डायबिटीज की समस्या से संबंधित कुछ जरूरी बातें जानते हैं। डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जिसका जोखिम साल-दर-साल बढ़ता ही जा रहा है। कुछ दशकों पहले तक इसे उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के रूप में जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसका शिकार होते जा रहे हैं।
क्या आपको भी बार-बार प्यास लगती है और बार-बार पेशाब आता है? अगर हां, तो ये सिर्फ मामूली लक्षण नहीं हैं ये उस डायबिटीज के संकेत हो सकते हैं जो अंदर ही अंदर आपके शरीर को खोखला कर रही है।



### डायबिटीज के बारे में कितना जानते हैं आप?

डायबिटीज एक मेटाबॉलिक (चयापचय संबंधी) बीमारी है जिसमें शरीर या तो इंसुलिन हार्मोन नहीं बना पाता या फिर बने हुए इंसुलिन का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाता है। इंसुलिन हार्मोन पैंक्रियास में



बनता है और शुगर (ग्लूकोज) को कोशिकाओं के अंदर ऊर्जा के रूप में इस्तेमाल करने में मदद करता है। जब इंसुलिन की कमी या रेसिस्टेंस हो जाती है, तो खून में शुगर का स्तर लगातार बना रहता है, इसे हाई शुगर की समस्या कहा जाता है।

### एक-दो नहीं चार प्रकार की होती है डायबिटीज

डायबिटीज का नाम सुनते ही सबसे पहला ख्याल टाइप-2 डायबिटीज का आता है। पर क्या आप जानते हैं डायबिटीज एक दो नहीं बल्कि चार प्रकार की होती है। टाइप-1 डायबिटीजः यह एक ऑटोइम्यून डिसऑर्डर है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पैंक्रियास की स्वस्थ कोशिकाओं पर हमला कर देती है जिससे इंसुलिन बनना बंद हो जाता है। इसमें रोजाना इंसुलिन इंजेक्शन लेने की जरूरत हो सकती है। टाइप 2 डायबिटीजः यह सबसे सामान्य प्रकार है। इसमें शरीर इंसुलिन बनाता तो है, लेकिन इसका ज्यादा असर नहीं होती है। जेस्टेशनल डायबिटीजः गर्भावस्था के दौरान कुछ महिलाओं में ब्लड शुगर बढ़ जाता है। इससे भविष्य में मां और बच्चे दोनों को टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

**डायबिटीज 1.5 लाडाः** लेटेंट ऑटोइम्यून डायबिटीज इन एडल्ट्स (एलएडीए) या टाइप 1.5 डायबिटीज में टाइप-1 और टाइप 2 दोनों तरह के डायबिटीज के लक्षण होते हैं।

### डायबिटीज को कैसे पहचाना जाए?

डायबिटीज के शुरुआती लक्षण बहुत सामान्य हो सकते हैं और कई बार लोग इन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन समय रहते इन्हें पहचानना जरूरी है। इसमें बार-बार पेशाब आने, अत्यधिक प्यास लगने, अक्सर



थकान रहने, वजन घटने, धुंधला दिखने और त्वचा पर बार-बार संक्रमण होने या जख्म के देर से भरने जैसी समस्याएं देखी जाती रही हैं। इन्हें अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

### डायबिटीज की जांच कैसे होती है?

आपको डायबिटीज है या नहीं, इसकी पुष्टि के लिए कुछ टेस्ट किए जाते हैं। इसमें फास्टिंग ब्लड शुगर और खाने के बाद शुगर की जांच की जाती है। फास्टिंग ब्लड शुगर रीडिंग 126 एमजी/डीएल या इससे अधिक वहीं खाने के दो घंटे बाद शुगर लेवल 200 एमजी/डीएल या उससे अधिक रहने को डायबिटीज की तरफ संकेत माना जाता है।



## अच्छी सेहत के लिए रोज व्यायाम जरूरी, पर ये गलती पड़ेगी भारी

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। ये सिर्फ वजन कंट्रोल रखने के लिए ही नहीं, बल्कि ब्लड प्रेशर-शुगर की दिक्कत से बचाए रखने के लिए भी जरूरी है। क्या आप रोजाना वर्कआउट करते हैं, रोजाना जिम जाते हैं? अगर हां तो कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखें वरना आपको फायदे से कहीं ज्यादा नुकसान हो सकता है।

जब भी हम किसी लंबे सफर पर निकलते हैं, तो गाड़ी को स्टार्ट करने से पहले कुछ देर इंजन को गर्म करते हैं। ठीक वैसे ही, जब हम अपने शरीर को किसी भी कठिन शारीरिक गतिविधि यानी वर्कआउट के लिए तैयार करते हैं, तो उसे भी वार्मअप यानी हल्की-फुल्की एक्सरसाइज से तैयार करना जरूरी होता है। ये सिर्फ एक आदत नहीं बल्कि शरीर के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है।वर्कआउट से पहले वार्मअप जरूर



करना चाहिए, इससे कई लाभ मिलते हैं। वार्मअप न करने से मांसपेशियां ठंडी बनी रहती हैं और उनमें खिचाव आने या चोट लगने का खतरा अधिक होता है।

### वार्मअप होता क्या है?


वार्मअप का मतलब होता है, हल्की फिजिकल एक्टिविटी या स्ट्रेचिंग जिससे शरीर को धीरे-धीरे उस स्थिति में लाया जा सके जिसमें वह तेज एक्सरसाइज या वर्कआउट को झेल सके। इसमें 5-10 मिनट की हल्की एक्सरसाइज जैसे जॉगिंग, स्ट्रेचिंग, जंपिंग जैक्स या आर्म रोटेशन शामिल हो सकते हैं। पर्याप्त वार्मअप करने से मांसपेशियां गरम और लचीली हो जाती है, जिससे चोट लगने की आशंका काफी कम रहती है। इसका दूसरा बड़ा फायदा यह भी है कि मांसपेशियों में रक्त संचार तेज हो जाता है, जिससे मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व अधिक मिलते हैं। इससे वे बेहतर तरीके से काम कर पाती हैं।

### क्या कहते हैं डॉक्टर?

फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अमित अग्रवाल कहते हैं, वार्मअप धीरे-धीरे शुरू करें और फिर धीरे-धीरे इसकी तीव्रता बढ़ाएं। इस दौरान पूरे शरीर का उपयोग करें। यदि आपको कोई दर्द या परेशानी महसूस हो तो वार्मअप न करें और आराम करें।वर्कआउट से पहले वार्मअप करना आपके लिए कई प्रकार से लाभदायक हो सकता है। नेशनल एकेडमी ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, वार्मअप मसल्स को धीरे-धीरे खिंचाव के लिए तैयार करता है, जिससे चोट लगने का खतरा कम हो जाता है।

### इन फायदों के बारे में भी जानिए

व्यायाम से अधिकतम लाभ प्राप्त करने और व्यायाम के दौरान किसी प्रकार की चोट या खिंचाव से बचाव के लिए तो वार्मअप जरूरी है ही, साथ ही इस एक आदत के और भी कई लाभ हो सकते हैं। वार्मअप से शरीर में रक्त प्रवाह बढ़ता है, जिससे मांसपेशियों को अधिक ऑक्सीजन मिलती है। इससे परफॉर्मेंस बेहतर होती है। अचानक वर्कआउट शुरू करने से हार्ट रेट तेजी से बढ़ सकता है, लेकिन वार्मअप इसे धीरे-धीरे और सुरक्षित तरीके से बढ़ाता है। वार्मअप से जोड़ों में लचीलापन आता है और वे पूरी गति से हिलने के लिए तैयार होते हैं, जिससे एक्सरसाइज प्रभावी होती है। इस पर ध्यान देना जरूरी है।



## आपकी इन गलतियों से स्वाद और सेहत दोनों का होता है नुकसान

अगर आप रोज सब्जी बनाते हैं लेकिन स्वाद या पोषण में कुछ कमी लगती है तो हो सकता है आप अनजाने में खाना बनाते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों से न सिर्फ आपकी सब्जी का स्वाद बिगड़ता है, बल्कि सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है।

### कच्चे तेल में छोंक

अक्सर लोग सब्जी बनाते समय तेल को अच्छे से पकाए बिना या ठंडे व कच्चे तेल में छोंक लगा देते हैं। इससे तेल की छार और कच्चापन बरकरार रहता है। ये सब्जी बनाते समय सबसे पहली और बड़ी गलती लोग कर जाते हैं। जब तेल अच्छे से गर्म हो जाए तो उसमें जीरा,

### ज्यादा देर तक सब्जी पकाना

बहुत से लोग सब्जी को ढककर ज्यादा देर तक पकाते हैं ताकि वह पूरी तरह से गल जाए। लेकिन इससे सब्जियों के जरूरी विटामिन और मिनरल्स खत्म हो जाते हैं। इससे सब्जी ओवरकुक हो जाती है और उसका स्वाद भी कम हो जाता है। हल्की आंच पर सीमित समय तक पकाएं।

### शुरुआत में नमक डालना

सब्जी बनाते समय गलत समय पर नमक डालने से भी स्वाद बिगड़ सकता है। शुरुआत में ही नमक डालने से सब्जी गल जाती है और उसका टेस्चर भी खराब हो जाता है। वहीं कुछ लोग देर में नमक डालते हैं, जिससे वह अच्छी तरह से घुल नहीं पाता। जब सब्जी आधी पक चुकी हो तो उसमें सही अनुपात में



नमक डालें ताकि वह अच्छे से घुल भी जएं और स्वाद भी बढ़ जाए।

### बार-बार सब्जी को चलाना

हर दो मिनट में सब्जी को चलाने से उसकी आकृति बिगड़ जाती है और सब्जी मसल जाती है। कम से कम बार हिलाएं, ताकि सब्जी अपनी शेप और स्वाद बनाए रखे। हालांकि ढककर पकाते न रहे, बीच-बीच में उसे चलाते रहें, लेकिन सीमित मात्रा में।

### तेल ज्यादा डालना

आप मसाले, नमक आदि सभी कुछ का अनुपात बराबर रखते हैं लेकिन अगर आपने सब्जी में तेल ही ज्यादा डाल दिया हो तो स्वाद बिगड़ जाता है। अक्सर स्वाद बढ़ाने के चक्कर में लोग तेल की मात्रा ज्यादा कर देते हैं, जिससे कैलोरी इनटेक बढ़ता है और सब्जी भारी हो जाती है। एक से दो चम्मच तेल ही काफी होता है।

### हर सब्जी में एक ही तरह के मसाले

सब्जी चाहे ग्रेवी वाली हो या ड्राई वेज, आलू की सब्जी हो या पनीर की सब्जी हो, कुछ लोग एक ही तरह के मसाले का उपयोग करते हैं।

## पहली बार रखने जा रही हैं सावन सोमवार का व्रत, जानें नियम

सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और इस दौरान पड़ने वाले सोमवार का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि सावन सोमवार का व्रत रखने से कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर मिलता है और विवाहित महिलाओं के सुखी वैवाहिक जीवन की कामना पूरी होती है। अगर आप पहली बार सावन सोमवार का व्रत रखने जा रही हैं, तो कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

### इन नियमों का पालन

व्रत रखने से पहले स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें और भगवान शिव का ध्यान करते हुए व्रत का संकल्प लें। आप मन ही मन या हाथ में जल लेकर संकल्प कर सकती हैं कि आप पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ व्रत का पालन करेंगी। व्रत के लिए आवश्यक पूजा सामग्री पहले से ही एकत्रित कर लें। इसमें भगवान शिव की मूर्ति या तस्वीर, बेलपत्र, धतूरा, भांग, सफेद चंदन, अक्षत, फूल, दूध, गंगाजल, दही, घी, शहद, शक्कर, धूप, दीप, फल और मिठाई शामिल हैं। पूजा स्थान को साफ करके भगवान शिव की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। सबसे पहले भगवान गणेश का ध्यान करें और फिर शिवजी को जल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर और गंगाजल से अभिषेक करें। इसके बाद उन्हें बेलपत्र, धतूरा, भांग, सफेद चंदन, अक्षत और फूल अर्पित करें। धूप-दीप जलाकर शिव चालीसा या शिव मंत्रों का जाप करें।



**कार्नर न्यूज**

## छोटे फ्लैट में भी आप रह सकते हैं आराम से

# किराए के छोटे फ्लैट में सामान रखने की टेंशन खत्म, कुछ स्मार्ट बजट फ्रेंडली स्टोरेज हैक्स भी आजमाएं

अगर आप किराए के छोटे फ्लैट में रहती हैं और आपको अक्सर सामान रखने की टेंशन रहती हैं तो ऐसे में आप इन स्मार्ट बजट फ्रेंडली स्टोरेज हैक्स को अपना सकती हैं। घर चाहे किराए का हो या अपना, हम सभी अपने घर को बेहद ही खूबसूरती से सजाना चाहते हैं और उसे बेहद ही आर्गेनाइज्ड तरीके से रखना चाहते हैं। एक आर्गेनाइज्ड और साफ-सुथरा घर देखकर मन को यकीनन काफी सुकून मिलता है। लेकिन अगर घर छोटा हो तो ऐसे में घर में सामान को रखने की समस्या हमेशा बनी ही रहती है और छोटा-मोटा सामान हर जगह फैला रहता है। यह समस्या किराए के मकान में ज्यादा होती है, क्योंकि किसी दूसरे के घर में तोड़-फोड़ करवाने या पैसा लगाने से अधिकतर लोग बचते हैं। कभी-कभी बजट को लेकर भी समस्या होती है। ऐसे में हम सभी कुछ ऐसे बजट फ्रेंडली स्टोरेज हैक्स की तलाश में होते हैं, जो हमारी समस्या को भी सुलझा दें।



### ओवर द डोर आर्गेनाजइर की लें मदद

अगर आप किराए के फ्लैट में रहती हैं और अपने घर को बजट फ्रेंडली तरीके से आर्गेनाइज करना चाहती हैं तो ऐसे में ओवर द डोर आर्गेनाइजर में इनवेस्ट करना यकीनन एक बेहतरीन आइडिया है। आप इसे बेडरूम से लेकर किचन या बाथरूम के दरवाज़े के पीछे आसानी से हैंग कर सकती हैं। इसमें आप जूतों से लेकर स्नैक्स व मेकअप का सामान आदि काफी कुछ रख सकती हैं। चूंकि इसे आसानी से उतारा जा सकता है, इसलिए किराए के घर वालों के लिए यह एक बेस्ट ऑप्शन है। आमतौर पर छोटे घरों में इंटीरियर आपकी समझबूझ पर निर्भर करता है। इस तरफ ध्यान देना ज्यादा जरूरी है।

### व्हील वाली ट्रॉली का करें इस्तेमाल

किराए के घर में सामान को आर्गेनाइज्ड तरीके से रखने के लिए व्हील वाला ट्रॉली का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। आप छोटी सी 3 लेयर वाला ट्रॉली ले सकती हैं। यह आपके बाथरूम से लेकर किचन या ऑफिस स्टोरेज के लिए बेहतर ऑप्शन है। इसका एक बेहतरीन फायदा यह है कि आपको जब जहां ज़रूरत हो, आप इसे वहीं ले जा सकती हैं। इस तरह की व्हील वाला ट्रॉली आपको ऑनलाइन व ऑफलाइन आसानी से मिल जाएगी।

### टेंशन रॉड का करें इस्तेमाल

छोटे से घर में सामान को आर्गेनाइज्ड तरीके से रखने के लिए यह एक सस्ता और टिकाऊ ऑप्शन है। आप अलमारी के अंदर या दीवार के बीच आसानी से टेंशन रॉड लगा सकती हैं। इसमें कपड़े से लेकर बर्तन या अन्य सामान आसानी से लटकाया जा सकता है। इसे बाथरूम में लगाना भी एक अच्छा आइडिया हो सकता है।

### इन टिप्स को करें फॉलो

अगर आप किराए के मकान में रह रही हैं और अपने छोटे से घर को आर्गेनाइज्ड तरीके से रखना चाहती हैं तो इन टिप्स को भी फॉलो करें- हर 2 महीने में एक घर को डिक्लटर जरूर करें। इससे फालतू व बेकार सामान को बाहर निकालने में मदद मिलेगी। जब कम सामान होगा, तो टेंशन भी कम होगी। भारी रज़ाई या जैकेट जैसे सीजनल सामान को वैक्यूम बैग में रखो। इससे स्पेस की बचत होती है। घर में मल्टीपर्पस फर्नीचर इस्तेमाल करने की कोशिश करें। मसलन, ड्रॉअर वाला बेड या स्टोरेज ओटोमन आदि।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'सुपरमैन' और 'एफ-1' के सीन पर सेंसर बोर्ड ने लगाए कट, फैंस ने कर दिया ट्रोल

हाल ही में हॉलीवुड फिल्म 'सुपरमैन' भारत में भी रिलीज हुई। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई कर रही है। मगर इस फिल्म में किसिंग सीन को हटाने जाने से कुछ फैंस नाराज हैं। साथ ही ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ-1' में जो बदल करवाए गए, उन्हें लेकर यूजर ने सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया।



हॉलीवुड फिल्मों को भारतीय दर्शक काफी पसंद करते हैं। हालिया रिलीज फिल्म 'सुपरमैन' को भी दर्शकों का प्यार मिला। मगर इस फिल्म से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटाए जाने से फैंस, सोशल मीडिया यूजर सेंसर बोर्ड पर नाराज हैं। यूजर्स ने सेंसर बोर्ड के दोहरे रवैया पर सवाल किए हैं? पिछले दिनों भी 'एफ-1' फिल्म को लेकर भी सेंसर बोर्ड की ट्रोलिंग हो चुकी है।

हॉलीवुड फिल्म 'सुपरमैन' को जेम्स गन ने डायरेक्ट किया है। भारत में इस फिल्म में से 33 सेकंड का किसिंग सीन हटा दिया गया। यह सीन लीड कैरेक्टर सुपरमैन (डेविड कोरेंसवेट) और लोइस लेन (रेचल ब्रोसनाहन) पर फिल्माया गया है। फिल्म में इनके बीच रोमांटिक रिलेशन दिखाया जाता है। भारतीय सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट दिया और इसके किसिंग सीन को हटा दिया। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर सेंसर बोर्ड को ट्रोल किया जाने लगा। लोगों ने सेंसर बोर्ड के नियमों पर सवाल उठाए। जहां तक सेंसर बोर्ड का सवाल है तो उन्होंने फिल्म को यू/ए 13+ रेटिंग दी है। पैरेंट्स के गाइडेंस में इस फिल्म को 13 साल के बच्चे भी देख रहे हैं। यही कारण है कि फिल्म से किसिंग सीन हटाया गया है।

### टॉलीवुड

## श्रुति ने अपने पिता कमल हासन से जुड़ी बातें की शेयर, बताई धार्मिकता को लेकर सोच

श्रुति हासन वो अभिनेत्री हैं जो अपनी पर्सनल लाइफ से लेकर अपनी लव लाइफ और अपने अतीत को लेकर खुलकर बात करती हैं। वो हर मुद्दे पर अपनी राय रखने से हिचकती नहीं हैं। अब श्रुति हासन ने अपने बचपन को लेकर बात की है और बताया है कि वो एक नास्तिक परिवार से आती हैं। जहां भगवान और पूजा में ज्यादा भरोसा नहीं रखा जाता।



यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ पॉडकास्ट में श्रुति हासन ने कई मुद्दों पर अच्छे से बात की। अपने बचपन के दिनों के बारे में बात करते हुए श्रुति ने अपने बचपन को थोड़ा अव्यवस्थित और अराजक बताया। उन्होंने कहा, "हम एक नास्तिक घर में पले-बढ़े। एक गैर-धार्मिक घर में। मेरे पापा को यह बात बुरी लगती है जब मैं कहती हूं, लेकिन हमारे घर में ईश्वर नहीं था। वो सब कुछ नहीं जो दूसरे घरों में होता है। धर्म और ईश्वर को मानने जैसा तो कुछ भी नहीं था। कहीं न कहीं, मेरे बचपन के मन में मैं जानती थी कि कला ही ईश्वर है। हफ्ते का हर दिन कला के लिए कुछ करना होता था और कला को ही समर्पित होता था।" अभिनेत्री ने आगे कमल हासन के बारे में जिक्र करते हुए बताया कि पापा ने मुझे बिना किसी दखलअंदाजी के अपनी मान्यताओं को समझने की आजादी दी। हां, मैं विक्का धर्म का पालन करती हूं, जिसमें जादू-टोना शामिल है। हालांकि, पापा को ज्योतिष शब्द सुनना भी पसंद नहीं है। अगर आप मेरे पापा से ज्योतिष के बारे में बात करते, तो वो कहते बाहर निकलो। वो बहुत व्यावहारिक हैं। वो लोगों को डॉक्टर्स से भी बेहतर परख सकते हैं क्योंकि वे चार साल की उम्र से एक्टिंग कर रहे हैं और मेरी मां भी। वो लोगों को पढ़ने वाले बन गए हैं, डॉक्टरों और मनोवैज्ञानिकों से भी बेहतर। यह सचमुच एक्टर के रूप में उनका स्वभाव सा है। एक इंसान के रूप में वो ज्यादा सहज हो गए हैं। अब उम्र के साथ वो नरम पड़ गए हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो श्रुति हासन रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में नजर आएंगी।

### भोजपुरी

## 'तड़पाओगे... तड़पा लो', रानी ने बाग में मटकाई कमरिया तो झूम उठी फिजाएं

भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया पर एक डांस वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह 'तड़पाओगे तड़पा लो' गाने पर गुलाबी साड़ी में शानदार अदाएं दिखा रही हैं। उनके इस वीडियो को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट सेक्शन में उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।



एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने इंस्टाग्राम पर अपने डांस का वीडियो शेयर किया, जिसमें वह 'तड़पाओगे तड़पा लो' गाने पर डांस करती दिख रही हैं। वीडियो में रानी ने गुलाबी रंग की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, इसी के साथ ही उन्होंने हाथों में लाल-रंग की चूड़ी पहनी है। गाने के बोल के साथ शानदार एक्सप्रेशन के साथ वह ठुमका लगा रही हैं और अपने चाहनेवालों के दिलों पर छूरियां चला रही हैं।

एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने वीडियो शेयर कर कैप्शन में लिखा, 'मैं अपने पसंदीदा इंसान से प्यार का इजहार बेझिझकर तरीके से करती हूं।' फैंस को उनका ये खास अंदाज काफी पसंद आ रहा है, रानी के फैंस कमेंट सेक्शन पर उन्हें 'हार्ट', 'फायर' और 'स्माइली' इमोजी शेयर कर रहे हैं। बता दें कि यह गाना 'तड़पोगे तड़पा लो' साल 1957 में रिलीज हुई फिल्म 'बरखा' का है। इस गाने को स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने गाया है। वहीं गाने के बोल राजिंदर कृष्ण ने लिखे हैं।

### फैशन शो पर सवाल

### लाइफ स्टाइल



नए दौर में फैशन शो के भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आज दौर रिसाइकिल का है, जिसे फैशन की भाषा में 'फ़ंडामेंटल रीडिज़ाइन' कहा जाता है। ऐसे में हर साल मौसम के हिसाब के नए कलेक्शन पेश करने वाले डिजाइनर भी अपने काम की समीक्षा कर रहे हैं। इन वजहों से सवाल उठ रहा है कि क्या इस डिजीटल दौर में फैशन शो की प्रासंगिकता कायम रहेगी..?

## मानसून सीजन में सनस्क्रीन के इस्तेमाल को लेकर रहें सचेत

हर किसी को अपनी त्वचा को बचाने के लिए सनस्क्रीन लगाना पसंद होता है। ऐसे में लोग अपनी त्वचा के हिसाब से सनस्क्रीन को खरीदते हैं। लेकिन क्या इसे बारिश के मौसम में लगाना चाहिए। जब भी त्वचा को प्रोटेक्ट करने की बात आती है, तो हम सबसे पहले चेहरे के लिए सनस्क्रीन को खरीदते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जब महिलाएं बाहर किसी काम से निकलती हैं, तो बदलता मौसम उनकी त्वचा को जरूर नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में चेहरा डल दिखने लगता है। इसके लिए सनस्क्रीन लगाना जरूरी है। लेकिन क्या इस क्रीम को बारिश के मौसम में भी लगाना सही है। आर्टिकल में जानते हैं क्या सनस्क्रीन को बारिश के मौसम में भी लगाया जा सकता है।



### चेहरे पर सनस्क्रीन क्यों लगाते हैं

चेहरे पर सनस्क्रीन बाहर के बदलते मौसम और गंदगी से चेहरे को बचाने के लिए लगाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि तेज धूप और गर्मी का कुछ नहीं पता होता है। ऐसे में सबसे ज्यादा टैनिंग का असर चेहरे पर नजर आता है। इसलिए जब भी लोग बाहर निकलते हैं, तो अपने बैग में सनस्क्रीन जरूर रखते हैं। इसे लगाने से उनकी स्किन प्रोटेक्ट रहती है।

### क्या मानसून में सनस्क्रीन लगाना चाहिए

बारिश के मौसम में भी जिस तरह की धूप निकलती है। इससे हमारी स्किन टैन होती है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने स्किन टाइप के हिसाब से सनस्क्रीन को खरीदें। इससे आपकी त्वचा प्रोटेक्ट रहेगी। साथ ही, धूप की किरणों से होने वाली टैनिंग भी नहीं होगी। आप चाहें तो एक्सपर्ट राय लेकर अपने लिए सनस्क्रीन को खरीद सकते हैं।

### सनस्क्रीन को चेहरे पर कैसे लगाएं

सनस्क्रीन को आप मेकअप करने से पहले चेहरे पर लगाएं। इसे लगाने के बाद चेहरे की मसाज करें, ताकि सनस्क्रीन स्किन के अंदर तक जाए। आप चेहरे पर सनस्क्रीन दिन में दो बार लगाएं, ताकि आपकी स्किन प्रोटेक्ट रहे। सनस्क्रीन आप क्रीम या स्टीक फॉर्म में लेकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।सनस्क्रीन के साथ किसी और क्रीम को तुरंत न लगाएं। सनस्क्रीन का इस्तेमाल आप हर मौसम में जरूर करें। इससे आपकी स्किन प्रोटेक्ट रहेगी। साथ ही, आपको स्किन से जुड़ी समस्याएं भी कम होंगी। इसके लिए आप एक बार अपने डॉक्टर से सलाह भी ले सकते हैं, ताकि आपकी स्किन पर सनस्क्रीन सही बैठे।

## अनारकली सूट अपनाएंगी तो खूबसूरती में लगेंगे चार चांद



आपके लिए खूबसूरत अनारकली सूट के खास डिजाइन बाजार में आ गए हैं, जिन्हें पहनकर आप न सिर्फ अपनी खूबसूरती को बढ़ा सकेंगी, बल्कि इस साल सावन सोमवार को यादगार भी बना सकती हैं।



सावन का महीना शुरू हो गया है। इस महीने में आने वाले सोमवार पर अधिकतर महिलाएं श्रृंगार कर भगवान शिव की पूजा आराधना करती हैं। ऐसे में अगर आप भी सावन महीने में पड़ने वाले सोमवार के दिन अपने लुक से घर में मौजूद सभी लोगों को खुश कर सकती हैं।

### ऑरेंज रफल अनारकली सूट



इस साल सावन में आने वाले सोमवार पर आप अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं, तो इस खूबसूरत ऑरेंज रफल अनारकली सूट को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के सूट को आप बाजार से कपड़ा लेकर अपनी साइज के हिसाब से टेलर से बनवा सकती हैं या आप इसे ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप दुपट्टा भी शामिल कर सकती हैं। अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए आप इस सूट के साथ मैचिंग एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं। यह आपके लुक को कम्पलीट करने में मदद करेंगी।

### मेहंदी कलर अनारकली गाउन

इस साल सावन सोमवार के दिन आप अपने लुक को खास बनाने के लिए इस खूबसूरतमेहंदी कलर अनारकली गाउन को भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे। आप इन्हें ऑनलाइन खरीद सकती हैं या बाजार से कपड़ा लेकर टेलर से बनवा भी सकती हैं। आप दुपट्टा भी रेडीमेड खरीद सकती हैं। यह आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेगा। यही नहीं आप चाहें तो अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए इस सूट के साथ मेकअप और एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं।

### व्हाइट कलर ऑर्गेंजा अनारकली सूट

अगर आप सावन सोमवार के दिन किसी भी शिवालय में जाने वाली हैं, तो इस दिन अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप एक जैसे कपडे पहनने के बजाय इस तरह का खूबसूरत अनारकली सूट पहन सकती हैं।

## मानसून में ऑयली स्किन की करें केयर

मानसून सीजन में ऑयली स्किन वाली महिलाएं अपनी त्वचा की देखभाल के लिए इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। इन टिप्स को अपनाने से जहां त्वचा से जुड़ी समस्याएं कम होंगी, वहीं स्किन का ग्लो भी बना रहेगा।

मानसून का मौसम ऑयली स्किन वाली महिलाओं के लिए बड़ी चुनौती लेकर आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर इस मौसम में ऑयली स्किन की सही तरह से केयर न की जाए, तो स्किन से जुड़ी कई सारी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। साथ ही, स्किन का ग्लो भी कम हो जाता है।

### गुनगुने पानी से करें चेहरा साफ

स्किन का ग्लो बना रहे इसके लिए आप चेहरे को साफ करने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। गुनगुने पानी से चेहरे को साफ करने से त्वचा के एक्स्ट्रा ऑयल को साफ करने में मदद मिलेगी, साथ ही, स्किन इन्फेक्शन की समस्या को भी कम करने में मदद करेगा। चेहरे को आप गुनगुने पानी से सुबह और रात को सोने से पहले धोएं। साथ ही, चेहरे को क्लीन करने के लिए आप फेस वॉश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।



### हफ्ते में एक दिन करें स्क्रब


चेहरे की डेड स्किन को साफ करने के लिए हफ्ते में 1-2 दिन स्क्रब का इस्तेमाल करें। स्क्रब की मदद से जहां डेड स्किन साफ होगी, तो वहीं स्किन पर ग्लो भी आएगा, साथ ही, स्किन सॉफ्ट भी नजर आएगी। लेकिन, स्क्रब का इस्तेमाल करने से पहले एक बार आप किसी एक्सपर्ट की राय जरूर लें।

### हल्का मॉइस्चराइजर

स्किन से जुड़ी समस्याओं को कम करने के लिए स्किन को पोषण देना, साथ ही, हाइड्रेटेड रखना जरूरी है। इसके लिए मॉइस्चराइजर का जरूर इस्तेमाल करें। लेकिन, ऑयली स्किन होने पर आप हल्के मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें ताकि त्वचा चिपचिपी न हो।

## बस एक आलू से ठीक हो सकती हैं फटी एड़ियां, 10 दिनों तक इस तरह करें इस्तेमाल

एक आलू आपके पैरों की सुंदरता बरकरार रखने में मदद कर सकता है। जी हां, इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप फटी एड़ियों को और रूखे पैरों को एक आलू से किस तरह हील कर सकती हैं। आपकी फटी एड़ियों को ठीक करने में भी आलू मदद कर सकता है। आलू में ऐसे गुण होते हैं जो त्वचा को नरम और हाइड्रेटेड रखने में सहायक होते हैं। इस लेख में आप जानेंगी कि कैसे आप केवल एक आलू का उपयोग करके अपनी फटी एड़ियों को 10 दिनों में ठीक कर सकते हैं।



### आलू कैसे करता है काम?

आलू में मौजूद पोषक तत्व और इसका स्टार्च फटी एड़ियों के लिए एक बढ़िया उपचार बन जाता है। आलू में प्राकृतिक रूप से मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं जो रूखी और फटी त्वचा को नमी प्रदान करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन-सी कोलेजन के उत्पादन को बढ़ावा देता है, जो त्वचा की इलास्टिसिटी और मरम्मत के लिए महत्वपूर्ण है। आलू में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी होते हैं, जो फटी एड़ियों में होने वाली सूजन और दर्द को कम करने में सहायक हो सकते हैं। जब आप आलू को अपनी एड़ियों पर रगड़ते हैं, तो इसके रस में मौजूद पोषक तत्व सीधे त्वचा में अब्जॉर्ब होते हैं, जिससे त्वचा मुलायम हो सकती है।

### इस्तेमाल करने का तरीका:

सबसे पहले अपने पैरों को गुनगुने पानी में लगभग 10-15 मिनट के लिए भिगो दें। आप पानी में थोड़ा नमक या एप्सम सॉल्ट भी मिला सकते हैं। इससे त्वचा नरम होगी और डेड स्किन सेल्स ढीली पड़ जाएंगी। पैरों को पानी से निकालकर, फुट स्क्रबर का उपयोग करके धीरे-धीरे डेड स्किन को हटा दें। एक आलू लें और उसे अच्छी तरह धो लें। इसे छीलने की जरूरत नहीं है। आलू को दो हिस्सों में काट लें। आलू के एक हिस्से को अपनी फटी एड़ियों पर धीरे-धीरे रगड़ें। इस प्रक्रिया को लगभग 5-7 मिनट तक रखें।

### कार्नर न्यूज

### हेल्दी हेयर के लिए मौजूद है कई विकल्प

## बालों को सेहतमंद बनाए रखना अब हुआ आसान, खुद टेस्ट कर सकते हैं अपनी हेयर इलास्टिसिटी

हेल्दी हेयर पाना क्या वाकई कठिन है? असल में इतना मुश्किल नहीं है। लेकिन प्रदूषण, धूल-धूप और धुएं की वजह से बालों में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। ये समस्याएं ही हेयर केयर के आसान से काम को मुश्किल बना देती हैं। कई बार लोगों को हेयर केयर के टेक्निकल शब्दों की भी जानकारी नहीं होती है। हेयर केयर के बारे में पढ़ने वाले लोग अक्सर एक शब्द हेयर इलास्टिसिटी से खास कन्फ्यूज होते हैं। जबकि, इस शब्द का जिक्र अक्सर आता रहता है।

### हेयर इलास्टिसिटी की परिभाषा और महत्व

सीधे शब्दों में कहें, तो हेयर इलास्टिसिटी का मतलब बालों का लचीलापन होता है। किसी इंसान के बालों का लोच इस बात को दर्शाता है कि अगर किसी बाल को पकड़कर खींचा जाए तो सामान्य अवस्था में लौटने से पहले उस रेशे को किस हद तक खींचा जा सकता है।

यही आपके बालों के घुंघरालेपन, बॉडी और बाउंस के पीछे का कारण भी होता है। ये आपकी हेयर स्टाइल पर भी असर डालता है। अगर आप लंबे और स्टाइलिश बाल रखना चाहते हैं तो उसके लिए बालों का लचीला होना पहली शर्त है। आमतौर पर, आपके बालों का स्वास्थ्य की लोच के आधार पर निर्धारित किया जाता है। अधिक लोच या हाई इलास्टिसिटी वाले बालों को नरम, हाइड्रेटेड और प्रबंधन करने में आसान होने का श्रेय दिया जाता है। दूसरी ओर, कम लोच वाले बाल कमजोर और पतले होते हैं। इनसे कोई भी हेयर स्टाइल बनाना मुश्किल होता है। इससे बालों के टूटने का खतरा भी सबसे ज्यादा होता है।



### बालों के लचीलेपन को क्या प्रभावित करता है?

इस उत्तर को ठीक से समझने के लिए, पहले अपने बालों की संरचना को समझना महत्वपूर्ण है। इसमें दो भाग होते हैं - क्यूटिकल कोर्टेक्स कोर्टेक्स कई केराटिन प्रोटीन से बना होता है। ये पानी के हाई कंटेंट के ग्रिड के भीतर मौजूद होते हैं। यह बालों की प्राकृतिक लोच में प्रमुख भूमिका निभाता है। इस प्रोटीन संरचना के साथ कई इंटरैक्शन और बॉन्ड होते हैं, और इन बॉन्ड के कमजोर होने से आपके बालों की लोच प्रभावित हो सकती है। दो प्रमुख बॉन्ड इस प्रकार हैं:

### हाइड्रोजन बॉन्ड्स

हाइड्रोजन बॉन्ड वो फिजिकल बॉन्ड हैं जो, जलीय हाइड्रोजन, ऑक्सीजन परमाणुओं और अमीनो एसिड नाइट्रोजन के बीच बनाए गए हैं। ये बॉन्ड बहुत ज्यादा कमजोर होते हैं और मजबूती को बरकरार रहने के लिए पर्याप्त नमी बनाए रखने की आवश्यकता होती है।

जब आपके बाल के रेशों में पर्याप्त रूप से नमी नहीं होती है तो, ये बॉन्ड कम हो जाते हैं, जिससे आपके बाल अपनी लोच या लचीलापन खो देते हैं।

### सिस्टिन बॉन्ड्स

सिस्टिन बॉन्ड को डाईसल्फाइड बॉन्ड के रूप में भी जाना जाता है। ये रासायनिक बॉन्ड आपके कोर्टेक्स प्रोटीन स्ट्रैंड पर विभिन्न अमीनो एसिड के बीच एक लिंक बनाकर आपके बालों को लचीलापन देते हैं।

